<u>भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I, खंड-I में प्रकाशनार्थ</u>

फा. सं. 06/28/2024-डीजीटीआर

भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

व्यापार उपचार महानिदेशालय

चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,

5, संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001

दिनांक: 29.09.2025

<u>अंतिम जॉच परिणाम</u>

<u>मामला सं. एडी (ओआई) -26/2024</u>

विषय: चिली और चीन जनवादी गणराज्य के मूल अथवा वहां से निर्यातित "वर्जिन मल्टीलेयर पेपर बोर्ड" के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच।

समय-समय पर यथा संशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा गया है) और समय-समय पर यथा संशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उनका पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे 'पाटनरोधी नियमावली' या "नियमावली" भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

1. यत: इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (जिसे आगे "आवेदक" या "आवेदक एसोसिएशन" या "आईपीए" कहा गया है) ने घरेलू उद्योग की ओर से निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें आगे "प्राधिकारी" भी कहा गया है) के समक्ष, सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे "अधिनियम" भी कहा जाएगा) और सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियम, 1995 (जिसे आगे "पाटनरोधी नियमावली" या "नियमावली" भी कहा गया है) के अनुसार चिली और चीन जन गण (जिन्हें आगे "संबद्ध देश" भी कहा गया है) से वर्जिन मल्टी-लेयर पेपरबोर्ड (जिसे आगे "विचाराधीन उत्पाद" या "संबद्ध वस्तु" भी कहा गया है)

के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक एसोसिएशन के निम्नलिखित सदस्यों (जिन्हें आगे "आवेदक घरेलू उत्पादक" भी कहा गया है) ने वर्तमान जाँच के लिए अपने आँकड़े उपलब्ध कराए।

i. आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड (जिसे पूर्व में सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

ii. इमामी पेपर मिल्स लिमिटेड

iii. जेके पेपर्स लिमिटेड

iv. आईटीसी लिमिटेड

v. तमिलनाडु पेपर्स एंड न्यूजप्रिंट लिमिटेड

2. और यत:, आवेदक द्वारा प्रस्तुत विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन के मद्देनजर, प्राधिकारी ने भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 6/28/2024-डीजीटीआर दिनांक 30 सितंबर 2024 के अंतर्गत एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसमें चिली और चीन जनवादी गणराज्य से विचाराधीन उत्पाद के आयातों की पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अनुसार पाटनरोधी जाँच शुरू की गई ताकि संबद्ध वस्तुओं के किसी भी कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण किया जा सके और पाटनरोधी शुल्क की ऐसी राशि की सिफारिश की जा सके, जिसे यदि लगाया जाए तो घरेलू उद्योग को हुई कथित क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी।

क. <u>प्रक्रिया</u>

3. इस जाँच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

क. प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियम 5 के उप-नियम (5) के अनुसार जॉच की शुरूआत करने से पूर्व, भारत में स्थित संबद्ध देशों के दूतावासों को वर्तमान पाटनरोधी आवेदन की प्राप्ति के बारे में सूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने 30 सितंबर 2024 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसे भारत के असाधारण राजपत्र में प्रकाशित किया गया, जिसमें संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयात के संबंध में पाटनरोधी जॉच की शुरूआत की गई।

ग. प्राधिकारी ने भारत में स्थित उनके दूतावासों के माध्यम से संबद्ध देशों की सरकारों, आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार, संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं और घरेलू उद्योग के साथ-साथ अन्य हितबद्ध पक्षकारों को जॉच शुरूआत अधिसूचना की एक प्रति भेजी और उनसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने विचारों से अवगत कराने का अनुरोध किया।

घ. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार, ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और भारत स्थित उनके दूतावासों के माध्यम से, संबद्ध देशों की सरकारों को, आवेदन के अगोपनीय अंश की एक प्रति उपलब्ध कराई। आवेदन के अगोपीय अंश की एक प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, अनुरोध करने पर, उपलब्ध कराई गई।

ड़. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संगत जानकारी प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली भेजी थी:

i. कार्टुलिनास सीएमपीसी एस.पी.ए., चिली

ii. अनहुई कोल पैकेजिंग मटेरियल्स कंपनी लिमिटेड

iii. अनहुई टेक्नोलॉजी इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कंपनी लिमिटेड

iv. ब्लू स्काई लॉजिट्रेड लिमिटेड

v. चांगलकेयुआन पेपर कंपनी लिमिटेड

vi. चांगझोउ ईज़ी जॉइंट इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कंपनी लिमिटेड

vii. चेंगटोंग इंटरनेशनल लिमिटेड

viii. एकमैन पल्प एंड पेपर लिमिटेड

ix. गोल्ड ईस्ट ट्रेडिंग हांगकांग कंपनी लिमिटेड

x. हांग्जो सिनोसी पेपर कंपनी लिमिटेड

xi. हार्टवी इमेजिंग मटेरियल्स कंपनी लिमिटेड

xii. हेनज़ेल सेल्स एशिया पैसिफिक एसडीएन बीएचडी

xiii. हांगकांग पेपर सोर्सेज कंपनी लिमिटेड

xiv. कैफ़ेंग युकाई पैकेजिंग टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड

xv. किंग एम्पायर ग्रुप लिमिटेड

xvi. किंगडेकोर झेजियांग कंपनी लिमिटेड

xvii. लामी पैकेजिंग हांगकांग कंपनी लिमिटेड

xviii. लामी पैकेजिंग कुनशान कंपनी लिमिटेड

xix. मैटेरियल सोर्सेज इंटरनेशनल लिमिटेड

xx. एम एस नानजिंग जिनहान टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड

xxi. मॉडर्न इंटरनेशनल एशिया लिमिटेड

xxii. निंगबो एशिया पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड

xxiii. ओरिएंटल पेपर एचके लिमिटेड

xxiv. पीजी पेपर कंपनी लिमिटेड

xxv. शेडोंग बिहाई पैकेजिंग मटेरियल कंपनी लिमिटेड

xxvi. शेन्ज़ेन युतो पैकेजिंग टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड

xxvii. स्टोरा एनसो गुआंग्शी पैकेजिंग कंपनी लिमिटेड

xxviii. ट्राइसेल एचके ट्रेडिंग लिमिटेड

xxix. यूनाइटेड इमाटेक क़िंगदाओ कंपनी लिमिटेड

xxx. विपा लुआसेन एस ए

xxxi. वाइटल सॉल्यूशंस पीटीई लिमिटेड

xxxii. वुहान शिन ओएसिस इंडस्ट्री एंड ट्रेड कंपनी लिमिटेड

xxxiii. एक्सटी हार्टवी इमेजिंग मटेरियल कंपनी लिमिटेड

xxxiv. यानलॉर्ड पेपर लिमिटेड

xxxv. पीटी इंडाह किआट पल्प एंड पेपर

च. भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों से अनुरोध किया गया था कि वे अपने देशों के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने का निदेश दें।

छ. संबद्ध जाँच की शुरूआत होने पर, संबद्ध देशों के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली का प्रत्युत्तर प्रस्तुत करके उत्तर दिया है:

i. कार्टुलिनास सीएमपीसी एसपीए

ii. निंग्बो एशिया पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड

iii. निंग्बो एशिया अनपॉल्यूटेड पेपर प्रोडक्ट्स कंपनी लिमिटेड

iv. गुआंग्शी जिंगुई पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड

v. जियांग्सू बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड

vi. शेडोंग बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड

vii. बोफैंग ग्रुप होल्डिंग्स (हांगकांग) लिमिटेड

viii. गोल्ड ईस्ट ट्रेडिंग (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड

ज. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आयातक और प्रयोक्ता प्रश्नावली भेजी, जिसमें नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक जानकारी मांगी गई।

i. अद्विक एंटरप्राइजेज

ii. ऑल इंडिया ट्रेडिंग सॉल्यूशंस

iii. अमन पेपर कंपनी

iv. ए.के. ट्रेडिंग (पेपर) प्राइवेट लिमिटेड

v. एशिया पल्प एंड पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड

vi. ब्रिज पेपर्स

vii. ईसीएलएटी पेपर्स

viii. सी.एच. जावा कंपनी

ix. छगनराज कंपनी

x. चिमनलाल फीन पेपर प्राइवेट लिमिटेड

xi. दीपक पेपर कंपनी

xii. फ्रंट्रोकवर्टर

xiii. ग्रीन ग्लोब इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड

xiv. गर्ग पेपर मार्ट

xv. हीरो मल्टी पेपर प्राइवेट लिमिटेड

xvi. आई एन इम्पेक्स

xvii. जन एजेंसीज एंड इंडस्ट्रीज

xviii. कागज डिजिटल पेपर प्राइवेट लिमिटेड

xix. कोकुयो रिद्धि पेपर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

xx. लक्ष्य पेपर

xxi. मंदागिनी सील्स

xxii. एम.एल.एम. (इंडिया) लिमिटेड

xxiii. नरसिंह दास एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड

xxiv. पेपर कॉर्पोरेशन

xxv. पीएलजी इम्पेक्स

xxvi. पीएनजी ग्लोबल

xxvii. प्रगति पेपर कंपनी

xxviii. प्रिज्मा वर्ल्ड

xxix. प्रभात पेपर मार्ट

xxx. आरडी इम्पेक्स

xxxi. राजीव रंजन

xxxii. सार्थक एंटरप्राइजेज

xxxiii. शांति कॉर्पोरेशन

xxxiv. श्री अष्टविनायक पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड

xxxv. श्री कृष्णा इम्पेक्स

xxxvi. शिवानंद मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड

xxxvii. श्री अयप्पा पॉली पेपर एंड बोर्ड्स

xxxviii. स्पेशलिटी पेपर एंड बोर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड

xxxix. सुप्रीम इंडिया कंपनी

xl. स्वास्तिक पेपर कंपनी

xli. श्रीनिवास पेपर्स इम्पेक्स एलएलपी

xlii. सिंडिकेट प्रिंटर्स लिमिटेड

xlii. सिंघानिया अलू फ़ॉइल कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी

xliv. टीएम एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड

xlv. टीसीपीएल पैकेजिंग लिमिटेड

xlvi. टेम्पल पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड

xlvii. टेट्रा पैक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

xlviii. यूफ्लेक्स लिमिटेड

xlix. वीनस पेपर कॉर्पोरेशन

l. विबग्योर ग्लोबल ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड

li. वाइटल पेपर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

झ. संबद्ध जॉच की शुरूआत के प्रत्युत्तर में, किसी भी आयातक/प्रयोक्ता ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है।

ञ. जाँच शुरूआत अधिसूचना की एक प्रति और आवेदन का अगोपनीय अंश निम्नलिखित एसोसिएशनों को भेजा गया था:

i. एसोचैम

ii. सीआईआई

iii. फेडरेशन ऑफ पेपर ट्रेडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया

iv. फिक्की

ट. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के दूतावासों, सभी ज्ञात निर्यातकों, आयातकों और घरेलू उद्योग को एक आर्थिक हित प्रश्नावली जारी की। आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर केवल घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

ठ. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तावित पीसीएन पद्धति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित किए। सभी हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने विचार प्रस्तुत करें। अन्य हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर, प्राधिकारी ने 12 दिसंबर 2024 की अधिसूचना द्वारा पीसीएन पद्धति को अधिसूचित किया।

ड. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय अंश उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों की सूची डीजीटीआर की वेबसाइट पर अपलोड की गई, साथ ही उन सभी से अनुरोध किया गया कि वे अपने अनुरोधों का अगोपनीय अंश अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को ईमेल कर दें।

ढ. डीजी सिस्टम्स से क्षति अवधि और जांच अवधि के लिए संबद्ध वस्तुओं के आयात का सौदा-वार विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया गया। प्राधिकारी ने आयात की मात्रा की गणना और सौदों की उचित जांच के बाद आवश्यक विश्लेषण के लिए डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

ण. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 7 अप्रैल 2025 को आयोजित एक सार्वजनिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत

करने का अवसर प्रदान किया। जिन पक्षकारों ने मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए, उनसे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध प्रस्तुत करने और उसके बाद खंडन प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया।

त. निर्दिष्ट प्राधिकारी में परिवर्तन के कारण, 12 जून 2025 को दूसरी मौखिक सुनवाई आयोजित की गई, जिसमें सभी हितबद्ध पक्षकारों ने भाग लिया। मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए अपने विचारों के लिखित अनुरोध प्रस्तुत करें, उसके बाद प्रत्युत्तर अनुरोध प्रस्तुत करें।

थ. उत्पादकों, निर्यातकों, प्रयोक्ताओं और आयातकों के साथ-साथ प्रयोक्ताओं की एसोसिएशन सहित निम्नलिखित हितबद्ध पक्षकारों की ओर से संबद्ध जाँच में अनुरोध प्रस्तुत किए गए।

i. घरेलू उद्योग

ii. बोफैंग ग्रुप होल्डिंग्स (हांगकांग) लिमिटेड

iii. गोल्ड ईस्ट ट्रेडिंग (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड

iv. गुआंग्शी जिंगुई पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड

v. जियांगसू बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड

vi. निंग्बो एशिया पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड

vii. निंग्बो एशिया अनपॉल्यूटेड पेपर प्रोडक्ट्स कंपनी लिमिटेड

viii. शेडोंग बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड

ix. ग्रीन ग्लोब इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड

x. हीरो मल्टी पाप प्राइवेट लिमिटेड,

xi. मिट्ठन लाल मार्केटिंग लिमिटेड

xii. एमएलएम इंडिया लिमिटेड

xiii. एनपीटी पेपर्स प्रा. लिमिटेड

xiv. प्रगति पेपर कंपनी

xv. श्री अष्टविनायक पेपर्स प्रा. लिमिटेड

xvi. बॉम्बे मास्टर प्रिंटर्स एसोसिएशन

xvii. भारतीय कागज व्यापारी संघों का महासंघ

द. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर और सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) तथा नियमावली के अनुबंध III को ध्यान में रखते हुए, भारत में संबद्ध वस्तु के उत्पादन की इष्टतम लागत और उसे बनाने एवं बेचने की लागत के आधार पर क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) की गणना की गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

ध. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ जांच की अवधि (पीओआई) 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक की है। क्षति विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच में 2020-21, 2021-22, 2022-23 की अवधि और जांच की अवधि शामिल थी।

न. इस जांच के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर, साक्ष्यों द्वारा समर्थित होने और वर्तमान जांच के लिए संगत माने जाने की सीमा तक, प्राधिकारी द्वारा इस अंतिम जॉच परिणाम में उचित ढ़ग से विचार किया गया है।

प. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहाँ भी आवश्यक हो, गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहाँ भी संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार

पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

फ. जहाँ भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जाँच के दौरान आवश्यक सूचना देने से मना किया है या अन्यथा उसे प्रदान नहीं किया है, अथवा जाँच में महत्वपूर्ण रूप से बाधा डाली है, वहाँ प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अपने विचार/टिप्पणियाँ दर्ज की हैं।

ब. प्राधिकारी ने, जाँच के दौरान, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना की सटीकता के बारे में स्वयं को संतुष्ट किया, जो वर्तमान अंतिम जॉच परिणाम का आधार बनती है, और सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों/दस्तावेजों का, जहाँ तक संगत, व्यावहारिक और आवश्यक समझा गया, सत्यापन किया गया था।

भ. प्राधिकारी द्वारा सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के दायरे और पीसीएन पद्धति के संबंध में अपनी टिप्पणियाँ देने का अवसर प्रदान किया गया।

म. इस अधिसूचना में '***' चिह्न किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई और नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा गोपनीय मानी गई सूचना को दर्शाता है।

य. संबद्ध जाँच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 83.69 रुपये है।

ख. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

4. वर्तमान जाँच की शुरूआत के समय निम्नलिखित को विचाराधीन उत्पाद के दायरे के रूप में माना गया था।

"विचाराधीन उत्पाद सफेद/वर्जिन वुड पल्प से बना मल्टी-लेयर बोर्ड है, चाहे वह कोटेड हो या बिना कोटेड, और इसे वर्जिन मल्टी-लेयर पेपरबोर्ड भी कहा जाता है। विचाराधीन उत्पाद कागज़ की कई परतों को एक साथ जोड़कर बनाया जाता है। विचाराधीन उत्पाद पेड़ों के रेशों से प्राप्त पल्प से निर्मित है। विचाराधीन उत्पाद विभिन्न ग्रेड में उपलब्ध है। विचाराधीन उत्पाद में फोल्डिंग बॉक्स बोर्ड (एफबीबी), सॉलिड ब्लीच्ड सल्फेट बोर्ड (एसबीएस), कप स्टॉक पेपर या बोर्ड और लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड शामिल हैं, जिनका आकार 140 से 450 जीएसएम तक होता है। इन्हें दो मुख्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है: वर्जिन ग्रेड जो पेड़ों के रेशों से निर्मित होता है और पुनर्चक्रित ग्रेड जो पुनर्प्राप्त कागज़ और पेपरबोर्ड से प्राप्त रेशों से निर्मित होता है।

पुनर्चक्रित/भूरे रंग के पल्प या रेशे से बने कोटेड/बिना कोटेड सिगरेट बोर्ड और पेपरबोर्ड विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर हैं।

ख.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

5. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के दायरे के संबंध में अनुरोध किए है।

i. कोटेड आर्टबोर्ड, अंतिम उपयोग अनुप्रयोग और तकनीकी विशिष्टताओं के संदर्भ में एफबीबी से भिन्न है। जहाँ आर्टबोर्ड का उपयोग ग्राफ़िकल प्रिंटिंग के लिए किया जाता है, वहीं एफबीबी का उपयोग पैकेजिंग अनुप्रयोगों में किया जाता है। आईटीसी द्वारा प्रदान किए गए कोटेड आर्टबोर्ड का अंतिम उपयोग अनुप्रयोग भी समान है। कोटेड आर्टबोर्ड को वर्तमान जाँच के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

ii. कोटेड आर्टबोर्ड का उत्पादन केवल आईटीसी द्वारा किया जाता है, जो केवल 25% माँग को पूरा करने में सक्षम है।

iii. आवेदन में प्रस्तावित उत्पाद के दायरे में या प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित दायरे में कोटेड आर्टबोर्ड का उल्लेख नहीं किया गया है।

iv. प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित दायरे में यह प्रावधान है कि विचाराधीन उत्पाद का उपयोग केवल पैकेजिंग के लिए किया जाता है, न कि मुद्रण अनुप्रयोगों के लिए।

v. आवेदन के पैराग्राफ 46 में, आईपीएमए ने स्पष्ट रूप से कहा है कि "विचाराधीन उत्पाद पैकेजिंग सामग्री में उपयोग किया जाता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से खाद्य, पेय और फार्मा उद्योग में पैकेजिंग उद्देश्यों के लिए किया जाता है। चूंकि संबद्ध वस्तुएं किसी भी उत्पाद के निर्माण के लिए कच्ची सामग्री नहीं हैं और केवल उत्पाद की पैकेजिंग के लिए उपयोग की जाती हैं, इसलिए प्रयोक्ताओं पर शुल्क का प्रभाव बहुत कम होगा"।

vi. कोटेड आर्टबोर्ड सहित प्रिंटिंग पेपरबोर्ड जांच के दायरे से बाहर है, इसकी पुष्टि आवेदन के पैराग्राफ 54 से होती है, जिसमें कहा गया है कि "चूंकि विचाराधीन उत्पाद कच्ची सामग्री नहीं है और केवल खाद्य, पेय और फार्मा उद्योग में पैकेजिंग सामग्री के रूप में उपयोग की जाती है, इसलिए उपभोक्ताओं पर प्रस्तावित शुल्क का प्रभाव नगण्य होगा"।

vii. कोटेड आर्टबोर्ड एक ऐसा उत्पाद है जिसका उपयोग उच्च गुणवत्ता वाली ग्राफिकल प्रिंटिंग के लिए किया जाता है। भारतीय उत्पादकों के अनुसार, कोटेड आर्टबोर्ड एक सुपर-कैलेंडर बोर्ड है जो विशेष रूप से डिजिटल प्रिंटिंग के लिए उपयुक्त है और इसका उपयोग पैकेजिंग उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाता है। आईपीएमए ने अपने आवेदन में विशेष रूप से विचाराधीन उत्पाद के दायरे को केवल पैकेजिंग उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले पेपरबोर्ड तक सीमित कर दिया है। डबल-कोटेड आर्टबोर्ड, जिसका उपयोग विशेष रूप से मुद्रण उद्देश्यों के लिए किया जाता है, की कीमत अन्य मल्टीलेयर वर्जिन पेपरबोर्ड की कीमतों से लगभग 20-30% अधिक है।

viii. आवेदन में दी गई परिभाषा के अनुसार, संबद्ध वस्तुओं का उपयोग केवल पैकेजिंग उद्देश्यों के लिए किया जाता है। आवेदक ने "केवल" शब्द का प्रयोग यह निर्दिष्ट करने

के लिए किया है कि विचाराधीन उत्पाद का अंतिम अनुप्रयोग पैकेजिंग तक ही सीमित है। अतः, कोटेड आर्टबोर्ड को इससे बाहर रखा जाना चाहिए।

ix. कोटेड आर्टबोर्ड की लागत और कीमतों में भौतिक अंतर और आवेदन द्वारा प्रस्तावित पीसीएन में इसके न होने के कारण, यह देखा जा सकता है कि यह उत्पाद वर्तमान जाँच के दायरे में शामिल नहीं है।

iv. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित कप स्टॉक ग्राहकों के आवश्यक मानकों के अनुरूप नहीं है और घरेलू उद्योग की तुलना में अधिक कीमत पर आयात किया जाता है। यह आयातित कप स्टॉक पेपरबोर्ड के समान नहीं है।

v. विदेशी उत्पादकों द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले कप-स्टॉक पेपरबोर्ड की कीमत मापदंडों में अंतर के कारण 10-25% अधिक होती है।

vi. घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए और भारत में आयातित कप स्टॉक के विनिर्देशनों में अंतर के कारण, पेपर कप निर्माताओं को अंतर्राष्ट्रीय बाजार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आयातित सामग्री पर निर्भर रहना पड़ता है। घरेलू उत्पादक कम मात्रा में कप स्टॉक की आपूर्ति करते हैं जो वैश्विक ग्राहकों के कड़े गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं करते हैं।

vii. 170-350 जीएसएम वाले कप स्टॉक, जिनकी मोटाई 277-476 माइक्रोन, भार 1.35-1.73 माइक्रोन, आर्द्रता 7.5%, आईएसओ ब्राइटनेस 78-80% और एजविक एलए/23 अधिकतम 1.50 किग्रा/मी2 हो, को बाहर रखा जाना चाहिए।

viii. जॉच शुरूआत अधिसूचना पॉलीइथाइलीन (पीई) जैसे अकार्बनिक यौगिक की परतों से कोटेड वर्जिन मल्टी-लेयर पेपरबोर्ड को कवर नहीं करती है। प्राधिकारी को स्पष्ट करना चाहिए कि यह जाँच के दायरे में शामिल नहीं है।

ix. भारत को किए जाने वाले कुल निर्यात की तुलना में पीई कोटेड कप स्टॉक पेपरबोर्ड का हिस्सा नगण्य है।

x. घरेलू उद्योग ने आयातित उत्पाद और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद की तकनीकी विशिष्टताओं में अंतर के संबंध में निर्यातकों के दावों का खंडन नहीं किया है। ऐसे मामले में, यह देखा जाना चाहिए कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद निर्यातकों द्वारा आपूर्ति किए गए कप स्टॉक पेपरबोर्ड के समान वस्तु नहीं है।

xi. एफबीबी और सिगरेट बोर्ड समान वस्तुएँ हैं और उनके साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। एक को जॉच से बाहर रखना और दूसरे को जॉच से बाहर नहीं रखना विरोधाभासी है। इसलिए, सिगरेट की पैकेजिंग के लिए प्रयुक्त एफबीबी को भी वर्तमान जाँच के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

xii. एफबीबी को जॉच से बाहर किए बिना सिगरेट बोर्ड को जॉच से बाहर करने से अनुप्रयोगों और कार्यात्मकताओं के अतिव्यापी होने के कारण अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त होगा। एफबीबी को भी जाँच के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

xiii. सिगरेट बोर्ड तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से एफबीबी के साथ प्रतिस्थापनीय हैं क्योंकि सिगरेट बोर्ड का उपयोग कन्फेक्शनरी और अन्य उत्पादों की पैकेजिंग के लिए एफबीबी के रूप में किया जा सकता है।

xiv. आवेदक घरेलू उत्पादकों में से एक, आईटीसी लिमिटेड पर उपलब्ध सिगरेट बोर्ड के विवरण में कहा गया है कि सिगरेट बोर्ड एफबीबी हैं।

xv. भारतीय आयातक सिगरेट बॉक्स बनाने के लिए चीन से एफबीबी का आयात करते हैं। आईटीसी स्वयं अपने सिगरेट पैकेजिंग अनुप्रयोगों के लिए एफबीबी का आयात करती है।

xvi. सिगरेट बोर्ड को जॉच से बाहर करने से, यदि शुल्क लगाया जाता है, तो उसकी प्रवंचना होगी। सिगरेट बोर्ड को शामिल करने पर कोई पूर्व प्रभाव नहीं है क्योंकि घरेलू उद्योग को ऐसे शुल्क से लाभ होगा। जांच शुरू होने के बाद उत्पाद के दायरे का विस्तार करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है, जैसा कि एल्युमीनियम फॉयल के आयात संबंधी पाटनरोधी जांच में किया गया था।

xvii. लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड को संबद्ध देशों से आयात नहीं किया गया है या भारत में पाटित नहीं किया गया है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती थी। इसलिए, इसे विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

xviii. लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड को ब्राज़ील और स्वीडन से आयात किया गया है और एलपीबी के उत्पादकों को कोई भी क्षति ऐसे आयातों के कारण हुई है। इसके अलावा, एफबीबी और एलपीबी वाणिज्यिक और तकनीकी रूप से प्रतिस्थापनीय उत्पाद नहीं हैं।

xix. वर्तमान जाँच में लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड को शामिल करने से दूध, जो एक आवश्यक वस्तु है, की कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

xx. एसबीएस को संबद्ध देशों से आयात या पाटित नहीं किया गया है। इसलिए, एसबीएस के उत्पादकों को हुई क्षति को संबद्ध आयातों के कारण नहीं माना जा सकता है।

xxi. आर्ट बोर्ड, एफबीबी, एसबीएस, लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड और कप स्टॉक पेपरबोर्ड के लिए ऐसे उत्पादों की कीमतों में अंतर के कारण अलग-अलग पीसीएन तैयार किए जाने चाहिए।

xxii. पीसीएन पद्धति लागत अंतर पर नहीं, बल्कि कीमत अंतर पर आधारित है, जैसा कि पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.4 में प्रावधान है। अमेरिका-पाटनरोधी मेथोडोलॉजीज़ (चीन) में अपीलीय निकाय का भी यही जॉच परिणाम था, जहाँ उसने अनुच्छेद 2.4.2 के अंतर्गत अपने गुणात्मक विश्लेषण के लिए उत्पादन लागत को एक कारक के रूप में अस्वीकार कर दिया था।

xxiii. घरेलू उत्पादकों की वेबसाइटें, जो एफबीबी, एसबीएस, आर्ट बोर्ड और कप स्टॉक में अंतर करती हैं, यह भी दर्शाती हैं कि इन्हें एक साथ नहीं जोड़ा जा सकता।

ख.2. घरेलू उद्योग के विचार

6. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद में फोल्डिंग बॉक्स बोर्ड ("एफबीबी"), सॉलिड ब्लीच्ड सल्फेट बोर्ड ("एसबीएस"), कप स्टॉक पेपर बोर्ड; लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड और आर्ट बोर्ड शामिल हैं, ये सभी 140-450 जीएसएम की रेंज में हैं।

ii. प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित दायरा उपयुक्त है और इसकी पुष्टि की जानी चाहिए।

iii. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद, संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद के समान वस्तु है।

iv. विचाराधीन उत्पाद के दायरे को केवल जांच करने और सभी हितबद्ध पक्षकारों को सुनवाई का उचित अवसर प्रदान करने के बाद अंतिम निर्धारण के चरण में ही अंतिम रूप दिया जा सकता है।

v. आर्टबोर्ड, कप स्टॉक, सिगरेट पैकेजिंग के लिए प्रयुक्त लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड (एफबीबी) और पीई कोटेड कप स्टॉक के संबंध में अनुरोध किए गए अपवर्जन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि घरेलू उद्योग ने उक्त उत्पाद प्रकारों का उत्पादन किया है और बाजार में बेचा है।

vi. जॉच शुरूआत अधिसूचना में परिभाषित उत्पाद क्षेत्र में कोटेड और कोटेड न किए गए वर्जिन मल्टी-लेयर पेपरबोर्ड दोनों शामिल हैं। इसलिए, दोनों ओर से कोटेड आर्टबोर्ड विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा में शामिल है।

vii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, जॉच शुरूआत अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि विचाराधीन उत्पाद का उपयोग पैकेजिंग के साथ-साथ पुस्तक कवर और प्रकाशन के लिए भी किया जाता है। इस प्रकार, आर्टबोर्ड विचाराधीन उत्पाद के दायरे में आता है।

viii. अन्य हितबद्ध पक्षकार यह प्रदर्शित करने में विफल रहे हैं कि आर्टबोर्ड की विशेषताएँ विचाराधीन उत्पाद से भौतिक रूप से भिन्न हैं।

ix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, जिस सरलता से उत्पादक एक प्रकार के विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन से आर्टबोर्ड के उत्पादन में स्थानांतरित हो सकते हैं, वह दर्शाता है कि सभी कोटेड आर्टबोर्ड एक ही समूह का हिस्सा हैं और विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु हैं।

x. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों के विपरीत, केवल मांग-आपूर्ति अंतर की मौजूदगी ही किसी उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर करने का औचित्य नहीं बनता है।

xi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने याचिका में प्रभाव के परिमाणीकरण के संबंध में एक पैराग्राफ का गलत तरीके से संदर्भ देते हुए कहा है कि संबद्ध वस्तुओं का उपयोग केवल पैकेजिंग उद्देश्यों के लिए किया जाता है। तथापि, याचिका में कई स्थानों पर, घरेलू उद्योग ने उल्लेख किया है कि विचाराधीन उत्पाद मुद्रण के लिए उपयुक्त है और ब्रोशर, फ़्लायर्स और डिस्प्ले बॉक्स जैसी प्रचार सामग्री के लिए भी उपयोग किया जाता है।

xii. घरेलू उद्योग ने भारत में आयातित आर्टबोर्ड के समान वस्तु का उत्पादन और बिक्री की है और इसलिए, इसे जॉच से बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

xiii. यह प्रदर्शित करने के लिए कोई साक्ष्य प्रदान नहीं किया गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित कप स्टॉक पेपरबोर्ड आयातित उत्पाद से भिन्न है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और आपूर्ति किए गए कपस्टॉक घरेलू उद्योग को दिए गए आर्डरों के अनुसार ग्राहक विनिर्देशनों के अनुरूप हैं।

xiv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग यदि उसे आर्डर दिया जाता है तो प्रयोक्ता उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार कपस्टॉक का उत्पादन करने में सक्षम है। अन्य हितबद्ध पक्षकार भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों पर भरोसा नहीं कर रहे हैं। किसी उत्पादक या उपभोक्ता के केवल आंतरिक मानक ही जॉच से बाहर करने का आधार नहीं बन सकते हैं।

xv. प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित उत्पाद के दायरे में उत्पाद पर लगाए गए लेप की प्रकृति के बीच कोई अंतर नहीं किया गया है। इसलिए, पीई कोटेड कप स्टॉक को उत्पाद क्षेत्र में शामिल किया जाना चाहिए।

xvi. नियम 2(ख) के अनुसार, समान वस्तु समरूप वस्तु हो सकती है, या ऐसी वस्तु जो सभी प्रकार से समान न हो, किंतु जिसमें काफी हद तक समानताएं हों। इस प्रकार, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित कप स्टॉक पेपरबोर्ड आयातित उत्पाद के समान वस्तु है।

xvii. सिगरेट बोर्ड को शामिल करने का अनुरोध संबद्ध वस्तु के निर्यातक द्वारा किया गया है, न कि घरेलू उत्पादक द्वारा। सिगरेट बोर्ड को शामिल न करने से निर्यातक के हितों को कोई नुकसान नहीं होगा।

xviii. सिगरेट बोर्ड, एफबीबी की तुलना में जीएसएम, कैलिपर, नमी, प्लाईबॉन्ड, तन्य शक्ति और फाइबर मशीन अलाइनमेंट सहित कई तकनीकी विशिष्टताओं के संबंध में एफबीबी से भिन्न होते हैं। परिणामस्वरूप, सिगरेट बोर्ड की लागत और कीमत एफबीबी की तुलना में अधिक होती है।

xix. सिगरेट बोर्ड और एफबीबी के आयात कीमत में महत्वपूर्ण अंतर है। जबकि सिगरेट बोर्ड का न्यूनतम और औसत आयात कीमत क्रमशः ₹ 91,706 प्रति मीट्रिक टन और ₹ 1,18,316 प्रति मीट्रिक टन है, एफबीबी का न्यूनतम और औसत आयात कीमत क्रमशः ₹ 41,916 प्रति मीट्रिक टन और ₹ 61,629 प्रति मीट्रिक टन है।

xx. विचाराधीन उत्पाद का दायरा उस उत्पाद को ध्यान में रखते हुए परिभाषित किया जाना आवश्यक है जो वास्तव में देश में पाटित किया जा रहा है और घरेलू उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है, जैसा कि यूरोपीय समुदाय - चीन से कतिपय लोहे या स्टील फास्टनरों पर निश्चयात्मक पाटनरोधी उपाय (डब्ल्यूटी/डीएस397) में पैनल के निष्कर्षों से स्पष्ट है। चूंकि सिगरेट बोर्ड भारत में पाटित नहीं किए

जा रहे हैं, इसलिए उन्हें विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल नहीं किया जा सकता है।

xxi. एल्युमीनियम फॉयल मामले पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों का भरोसा गलत है क्योंकि प्राधिकारी ने शुद्धिपत्र अधिसूचना के माध्यम से जांच की शुरूआत के चरण में शामिल नहीं किए गए उत्पाद को जॉच से बाहर रखा था।

xxii. चूंकि घरेलू उद्योग ने भारत में आयातित एफबीबी, अर्थात् एफबीबी के समान वस्तु का उत्पादन किया है , इसलिए पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) के प्रावधानों के अंतर्गत सिगरेट बोर्ड आयातित एफबीबी के समान वस्तु नहीं हैं।

xxiii. किसी उत्पाद प्रकार को केवल तभी बाहर रखा जा सकता है जब उसे भारत में आयात किया गया हो, किंतु घरेलू उद्योग ने उसके समान वस्तु का उत्पादन नहीं किया हो। प्राधिकारी ने कई जांचों में इसी सिद्धांत का पालन किया है। भारत में आयात नहीं किए गए उत्पादों को बाहर रखने के मामले में, प्राधिकारी को आयात होने के बाद प्रत्येक उत्पाद प्रकार के लिए अलग-अलग जांच करनी होगी।

xxiv. चूंकि चीन जन गण के सभी निर्यातकों ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है, इसलिए यह सिद्ध नहीं किया जा सकता है कि लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड और एसबीएस बोर्ड भारत को निर्यात नहीं किए गए हैं।

xxv. जाँच अवधि के बाद भारत में लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड आयात किए गए हैं।

xxvi. लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड या एसबीएस बोर्ड को शामिल करने से चीन के निर्यातकों को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है क्योंकि ऐसे उत्पादकों द्वारा इसकी आपूर्ति नहीं की जा रही है और प्राधिकारी ने उनमें से प्रत्येक के लिए अलग-अलग पीसीएन बनाए हैं।

xxvii. एफबीबी, एसबीएस और कप स्टॉक पेपरबोर्ड के लिए अलग-अलग पीसीएन की कोई आवश्यकता नहीं है।

xxviii. यदि विदेशी निर्यातक काफी भिन्न लागत और कीमतों वाले उत्पादों की आपूर्ति करते हैं, तो हितबद्ध पक्षकारों का उनका प्रकटन करने का दायित्व है।

xxix. लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड अलग-अलग गुण प्रदर्शित करता है और परिणामस्वरूप एफबीबी, एसबीएस और कप स्टॉक पेपरबोर्ड की तुलना में इसकी लागत और कीमत 20% - 25% अधिक होती है। इसलिए, लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड के लिए अलग पीसीएन की आवश्यकता है।

xxx. अलग-अलग पीसीएन के दावों पर कीमत या अंतिम उपयोग के अंतर के आधार पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। अलग-अलग पीसीएन के लिए उत्पादन लागत में अंतर दर्शाने की आवश्यकता है।

xxxi. घरेलू उद्योग ने व्यापारिक बाज़ार में तरल पैकेजिंग सामग्री के लिए प्लास्टिक सामग्री, एल्युमीनियम या अन्य धातु से कोटेड, कोटेड या लेमिनेटेड चार या अधिक परत वाले पेपरबोर्ड का उत्पादन और बिक्री नहीं की है। इसे जाँच के दायरे से बाहर रखा जा सकता है।

ख.3. प्राधिकारी द्वारा जाँच

7. कप स्टॉक पेपरबोर्ड और लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड को बाहर रखने के अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी ने नोट किया है कि घरेलू उद्योग ने साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं कि उसने व्यापारिक बाज़ार में समान वस्तुओं का विनिर्माण और बिक्री की है। इस प्रकार, इन्हें विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने की कोई आवश्यकता नहीं है।

8. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि आवेदन में कोटेड आर्ट बोर्ड का विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया है और इसलिए, इन्हें विचाराधीन उत्पाद के दायरे में नहीं माना जाना चाहिए। हितबद्ध पक्षकारों ने कोटेड आर्टबोर्ड के लिए मांग-आपूर्ति अंतर का भी दावा किया। प्राधिकारी ने नोट किया है कि मांग-आपूर्ति अंतर किसी भी प्रकार के उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने का औचित्य नहीं है। तथापि, यह

भी ध्यान देने योग्य है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आवेदन मुख्यतः पैकेजिंग उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले उत्पाद से संबंधित था। चूँकि कोटेड आर्टबोर्ड का उपयोग मुख्यतः मुद्रण उद्देश्यों के लिए किया जाता है, इसलिए उक्त उत्पाद विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल नहीं है। इस प्रकार, प्राधिकारी इस जॉच परिणाम पर पंहुचने का प्रस्ताव करते हैं कि मुद्रण उद्देश्यों के लिए आयातित कोटेड आर्टबोर्ड उत्पाद के दायरे में शामिल नहीं है।

9. विचाराधीन उत्पाद के दायरे से कप स्टॉक को बाहर करने के अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग ग्राहकों के विनिर्देशनों के अनुसार उत्पाद प्रकार उपलब्ध नहीं कराता है और आयात कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से अधिक है। तथापि, हितबद्ध पक्षकारों ने अपने तर्क को पुष्ट करने वाले साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए हैं। इसके अतिरिक्त, नियमावली के अनुसार प्राधिकारी को यह विचार करना आवश्यक है कि क्या घरेलू उद्योग भारत में आयातित उत्पाद के समान वस्तु की आपूर्ति करता है और यह आवश्यक नहीं है कि घरेलू उद्योग को बिल्कुल समान उत्पाद विनिर्देशनों की आपूर्ति करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ऐसे कोई अनिवार्य मानक नहीं हैं जिनका घरेलू उद्योग द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है और जो ऐसे उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर करने का आधार बन सकते हैं। किसी अलग आयातक द्वारा अपेक्षित विनिर्देशन किसी उत्पाद प्रकार को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर करने का आधार नहीं है। चूँकि घरेलू उद्योग ने जाँच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में कप स्टॉक का उत्पादन और आपूर्ति की है, इसलिए विचाराधीन उत्पाद के दायरे से कप स्टॉक को बाहर करना उचित नहीं है।

10. जहाँ तक इस अनुरोध का प्रश्न है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपेक्षित विनिर्देशनों का पालन करने के लिए डाउनस्ट्रीम उद्योग को कप स्टॉक के आयात पर निर्भर रहना पड़ता है, प्राधिकारी ने नोट किया है कि अभिलेखों में इसका कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। किसी भी स्थिति में, डाउनस्ट्रीम उद्योग अग्रिम प्राधिकारी के अंतर्गत और बिना किसी

पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए, निर्यात उद्देश्यों के लिए विचाराधीन उत्पाद का आयात करने के लिए स्वतंत्र है।

11. पीई कोटेड कप स्टॉक पेपरबोर्ड को जॉच से बाहर करने के लिए मांगे गए स्पष्टीकरण के संबंध में, प्राधिकारी ने नोट किया है कि जॉच शुरूआत अधिसूचना में परिभाषित विचाराधीन उत्पाद, कोटिंग के प्रकार के आधार पर उत्पादों के बीच अंतर नहीं करता है। इस प्रकार, कोटिंग की विशिष्ट प्रकृति किसी उत्पाद ग्रेड को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर करने के लिए पर्याप्त नहीं है। विचाराधीन उत्पाद के दायरे में "कोटेड और बिना कोटेड, वर्जिन मल्टी-लेयर पेपरबोर्ड" शामिल हैं। इस प्रकार, यह स्पष्ट किया जा सकता है कि पीई कोटेड कप स्टॉक विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल है।

12. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि सिगरेट पैकेजिंग में प्रयुक्त एफबीबी को बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि इसमें सिगरेट बोर्ड के समान विशेषताएं होती हैं। वैकल्पिक रूप से, सिगरेट बोर्ड को विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल किया जा सकता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने आवेदन प्रस्तुत करते समय सिगरेट बोर्ड को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि सिगरेट बोर्ड की विशिष्टताएं एफबीबी से भिन्न होती हैं और इनकी लागत और कीमत अधिक होती है। रिकॉर्ड में उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार, सिगरेट बोर्ड की आयात कीमत एफबीबी की आयात कीमत से काफी अधिक है। दोनों उत्पादों की कीमत में अंतर स्वयं दर्शाता है कि उत्पाद की विशेषताओं में अंतर है जिसके कारण सिगरेट बोर्ड की कीमत अधिक होती है। चूंकि, सिगरेट बोर्ड भारत में आयात किए जाने वाले एफबीबी के समान उत्पाद नहीं हैं, इसलिए इन्हें विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा गया है।

13. प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने उत्पाद की लागत, कीमत और तकनीकी मानकों में अंतर के आधार पर सिगरेट अनुप्रयोग हेतु एफबीबी को बाहर करने की आवश्यकता प्रदर्शित नहीं की है। इसके अतिरिक्त, जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा भारतीय बाजार में एफबीबी का उत्पादन और बिक्री की गई है। इसके

अतिरिक्त, विचाराधीन उत्पाद का दायरा विचाराधीन उत्पाद के अनुप्रयोग पर आधारित नहीं है। चूँकि अंतिम उपयोग के आधार पर एफबीबी में कोई अंतर नहीं है, इसलिए विचाराधीन उत्पाद के दायरे से इसे बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

14. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद का दायरा उस उत्पाद के आधार पर परिभाषित किया गया है जिसे भारत में पाटित किया जा रहा है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि सिगरेट बोर्ड अधिक कीमत पर आयात किए जा रहे हैं और इसलिए, उन्हें भारत में पाटित नहीं किया जा रहा है। ऐसे मामले में, विचाराधीन उत्पाद के दायरे में सिगरेट बोर्ड को शामिल करने का कोई औचित्य नहीं है।

15. प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड को जॉच से बाहर करने का अनुरोध किया है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि एलपीबी एक अलग उत्पाद है, इसकी कीमतें अधिक हैं और इसे संबद्ध देशों से आयात नहीं किया जाता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों के अनुसार, जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से 1,077 मीट्रिक टन लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड का आयात किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने पहले ही इस तथ्य को ध्यान में रखा है कि उक्त उत्पाद की लागत और कीमतें अधिक हैं। तदनुसार, प्राधिकारी ने लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड के लिए एक अलग पीसीएन का गठन किया है। तथापि, घरेलू उद्योग ने लिक्विड पैकेजिंग सामग्री के लिए प्लास्टिक सामग्री, एल्युमीनियम या अन्य धातुओं से कोटेड या लेमिनेटेड चार या अधिक परत वाले प्रसंस्कृत पेपरबोर्ड का उत्पादन और बिक्री नहीं की है। इसलिए, प्राधिकारी इसे विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव करते हैं।

16. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि विभिन्न प्रकार के वर्जिन मल्टी-लेयर पेपरबोर्ड आवश्यक उत्पाद विशेषताओं, जैसे भौतिक, उत्पादन तकनीक, विनिर्माण प्रक्रिया, संयंत्र और उपकरण, कार्य और उपयोग, आदि के संदर्भ में तुलनीय हैं। विभिन्न श्रेणियों/प्रकारों का उद्देश्य विभिन्न अंतिम-प्रयोक्ता आवश्यकताओं को पूरा करना है। उत्पाद अंतिम-प्रयोक्ता आवश्यकताओं के अनुसार भिन्न होते हैं। जहाँ तक एक दूसरे के स्थान पर

प्रयोग का प्रश्न है, विभिन्न उत्पाद समूहों से संबंधित वर्जिन मल्टी-लेयर पेपरबोर्ड एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग योग्य नहीं हो सकते हैं। तथापि, ये उत्पाद जाँच के उत्पाद क्षेत्र में आते हैं क्योंकि इनमें समान व्यापक विशेषताएँ हैं।

17. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद के निम्नलिखित दायरे के निष्कर्ष का प्रस्ताव करते हैं।

विचाराधीन उत्पाद सफेद/वर्जिन वुड पल्प से बना मल्टी-लेयर बोर्ड है, चाहे वह कोटेड हो या अनकोटेड, और इसे वर्जिन मल्टी-लेयर पेपरबोर्ड के रूप में भी जाना जाता है। विचाराधीन उत्पाद कागज की कई परतों को एक साथ जोड़कर बनाया गया है। विचाराधीन उत्पाद पेड़ों के रेशों से प्राप्त पल्प से निर्मित है। विचाराधीन उत्पाद विभिन्न ग्रेड में उपलब्ध है। विचाराधीन उत्पाद में फोल्डिंग बॉक्स बोर्ड (एफबीबी), सॉलिड ब्लीच्ड सल्फेट बोर्ड (एसबीएस), कप स्टॉक पेपर या बोर्ड और लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड शामिल हैं, ये सभी 140 से 450 जीएसएम की रेंज में हैं। विचाराधीन उत्पाद के दायरे में निम्नलिखित शामिल नहीं हैं:

i. पुनर्चक्रित/भूरे रंग के पल्प या फाइबर से बने पेपरबोर्ड, जिन्हें आवेदन में शामिल नहीं किया गया है।

ii. कोटेड/अनकोटेड सिगरेट बोर्ड

iii. मुद्रण प्रयोजनों के लिए आयात किए जाने पर दोनों ओर कोटेड आर्टबोर्ड।

iv. पैकेजिंग सामग्री के लिए प्लास्टिक सामग्री, एल्यूमीनियम या अन्य धातु से कोटेड, बिना कोटेड या लैमिनेटेड चार या अधिक परत वाला पेपरबोर्ड।

18. प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच के लिए निम्नलिखित पीसीएन तैयार किया है और हितबद्ध पक्षकारों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद पीयूसी के दायरे का पता लगाने के निर्णय की सूचना दी गई। प्राधिकारी ने दो मौखिक सुनवाइयाँ कीं और हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों पर विस्तार से सुनवाई की। हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों की जाँच के बाद, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे का निर्णय लिया है। चूँकि सिगरेट बोर्ड,

लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड, अर्थात् चार या अधिक परतों वाले पेपरबोर्ड, चाहे वे प्लास्टिक सामग्री से कोटेड हों, अनकोटेड हों या लेमिनेटेड हों, लिक्विड पैकेजिंग सामग्री के लिए एल्युमीनियम या अन्य धातु से, दो तरफ कोटेड आर्टबोर्ड, और पुनर्चक्रित पल्प से बने पेपरबोर्ड, जाँच के दायरे से बाहर हैं, इसलिए निम्नलिखित पीसीएन पद्धति को अंतिम रूप दिया गया है और उस पर विचार किया गया है:

क्र.सं.	उत्पाद प्रकार	कोड
1	सालिड ब्लीच्ड सल्फेट बोर्ड	एसबीएस
2	फोल्डिंग बाक्स बोर्ड	एफबीबी
3	कप स्टॉक	सीयूएस
4	लिक्विड पैकेजिंग बोर्ड	एलपीबी
5	अन्य	अन्य

19. विचाराधीन उत्पाद को सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अध्याय 48 के अंतर्गत एचएस कोड 4805 9100, 4805 9200, 4805 9300, 4810 9200 और 4810 9900 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने बताया है कि उत्पाद का आयात 32 एचएस कोडों के अंतर्गत किया जा रहा है, जिनमें शीर्ष 4802, 4805, 4810, 4811 और 4819 शामिल हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद का आयात मुख्यतः 4805 और 4810 के अंतर्गत किया जा रहा है। तदनुसार, वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ इन पर विचार किया गया है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

20. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद और संबद्ध देशों से आयातित वस्तुओं में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद, भौतिक एवं रासायनिक विशेषताओं, कार्यों एवं उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत निर्धारण, वितरण एवं विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद, उपभोक्ताओं द्वारा एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जा रहे हैं।

इसी के मद्देनजर, घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पाद को भारत में आयातित उत्पाद के समान वस्तु माना गया है।

ग. घरेलू उद्योग का दायरा एवं स्थिति

ग.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

21. घरेलू उद्योग के दायरे एवं स्थिति के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड ने व्यापार सूचना 13/2018 के अनुसार आँकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। उत्पादक द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी आँकड़े गोपनीय बताए गए हैं। यद्यपि समर्थक ने कॉपियर पेपर के आयात की पाटनरोधी जाँच में संपूर्ण आँकड़े उपलब्ध कराए थे, परंतु वर्तमान मामले में वह ऐसा करने में विफल रहा है। व्यापार सूचना के अनुपालन में विफलता के कारण, समर्थन के दावे को अस्वीकार किया जाना चाहिए।

ii. यह दावा कि समर्थक की भारतीय उत्पादन में 2.5% हिस्सेदारी है, गलत है। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, आवेदक द्वारा दावा किए गए अनुसार, संबद्ध वस्तुओं और गैर-संबद्ध वस्तुओं की क्षमता और उत्पादन में समर्थक की हिस्सेदारी 2.5% नहीं बल्कि 15% से अधिक है।

iii. अन्य घरेलू उत्पादक की बिक्री में गिरावट आई है, किंतु उसने वर्तमान जाँच में भाग नहीं लिया है।

ग.2. घरेलू उद्योग के विचार

22. घरेलू उद्योग के दायरे और स्थिति के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. वर्तमान जाँच की शुरूआत के लिए आवेदन घरेलू उद्योग की ओर से इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

ii. आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड, इमामी पेपर्स मिल्स लिमिटेड, आईटीसी लिमिटेड, जेके पेपर लिमिटेड और तमिलनाडु न्यूज़प्रिंट एंड पेपर्स लिमिटेड ने वर्तमान जाँच के लिए संपूर्ण आँकड़े उपलब्ध कराए हैं।

iii. भारत में समान वस्तु का केवल एक अन्य घरेलू उत्पादक, वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड, है। उक्त उत्पादक ने वर्तमान जाँच का समर्थन किया है।

iv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों के विपरीत, वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड ने व्यापार सूचना 4/2021 के अनुसार पूर्ण समर्थन पत्र प्रस्तुत किया है। किसी भी स्थिति में, नियमावली के अनुसार, समर्थक को आवेदन के समर्थन में कोई भी जानकारी प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

v. वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्टों में दी गई जानकारी पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि यह कंपनी द्वारा उत्पादित सभी उत्पादों के लिए है, न कि केवल संबद्ध वस्तुओं के लिए। समर्थक ने स्वयं अपने समर्थन पत्र में संबद्ध वस्तुओं से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की है।

vi. आवेदक घरेलू उत्पादकों ने जाँच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं का आयात नहीं किया है और वे संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के किसी भी उत्पादक या निर्यातक या भारत में किसी भी आयातक से संबंधित नहीं हैं।

vii. आवेदक घरेलू उत्पादक भारत में कुल घरेलू उत्पादन का बड़ा हिस्सा हैं और वर्तमान जाँच में घरेलू उद्योग का गठन करते हैं।

<u>ग.3. प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

23. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:

"(ख) *''घरेलू उद्योग'' का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा उन उत्पादकों से है, जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, परन्तु जब ऐसे उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं या वे स्वयं उसके आयातक होते हैं। ऐसे मामले ''घरेलू उद्योग'' शेष उत्पादकों को समझा जाएगा।''*

24. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच शुरू करने के लिए आवेदन घरेलू उद्योग की ओर से इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ("आईपीएमए") द्वारा प्रस्तुत किया गया था। आवेदक एसोसिएशन के निम्नलिखित सदस्यों ने वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ विस्तृत आँकड़े उपलब्ध कराए हैं।

i. आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड

ii. इमामी पेपर्स मिल्स लिमिटेड

iii. जेके पेपर लिमिटेड

iv. आईटीसी लिमिटेड

v. तमिलनाडु न्यूजप्रिंट एंड पेपर्स लिमिटेड

25. प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में संबद्ध वस्तुओं का केवल एक अन्य घरेलू उत्पादक, वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड, है। वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड ने वर्तमान जाँच में एक समर्थन पत्र प्रस्तुत किया है।

26. इस अनुरोध के संबंध में कि वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड ने व्यापार सूचना 13/2018 के अनुसार समर्थन पत्र प्रस्तुत नहीं किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि समर्थक ने व्यापार सूचना 4/2021 के अनुसार पूरी जानकारी प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, यद्यपि, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने कहा है कि जानकारी वार्षिक रिपोर्टों से

मेल नहीं खाती, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि वार्षिक रिपोर्ट कंपनी द्वारा निर्मित सभी उत्पादों से संबंधित हैं, समर्थन पत्र में प्रदान की गई जानकारी केवल संबद्ध वस्तुओं से संबंधित है।

27. आवेदक घरेलू उत्पादकों ने अनुरोध किया है कि उन्होंने जाँच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं का आयात नहीं किया है और वे संबद्ध देशों में संबद्ध वस्तुओं के किसी भी उत्पादक या भारत में संबद्ध वस्तुओं के किसी भी आयातक से संबंधित नहीं हैं।

28. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक घरेलू उत्पादक भारत में कुल घरेलू उत्पादन का 98% हिस्सा बनाते हैं और साथ ही, वे भारत में कुल घरेलू उत्पादन का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। पूर्वोक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक घरेलू उत्पादक भारत में घरेलू खपत का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं और इस प्रकार, इस निष्कर्ष का प्रस्ताव करते हैं कि आवेदक घरेलू उत्पादक, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग हैं और आवेदन पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार स्थिति संबंधी अपेक्षा को पूरा करता है।

घ. <u>गोपनीयता</u>

घ.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

29. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध दी गई हैं:

i. आवेदक ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है क्योंकि उसने बिक्री कीमत, प्रति इकाई पीबीआईटी, कुल पीबीआईटी, कीमतह्रास, नियोजित पूंजी, निवल अचल संपत्ति और कार्यशील पूंजी के समग्र आंकड़ों के बजाय रुझान दिए हैं।

ii. समर्थन पत्र में वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड द्वारा प्रदान किए गए सभी आंकड़ों को गोपनीय बताया गया है।

घ.2. <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

30. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध दी गई हैं।

i. आयातकों ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है क्योंकि वे विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन से जुड़ी इकाइयों और शेयरधारिता संरचनाओं का प्रकटन करने में विफल रहे हैं।

ii. निर्यातकों ने व्यापार सूचना 10/2018 की आवश्यकताओं का पालन नहीं किया है और अपने कॉर्पोरेट ढांचे और संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन में प्रयुक्त प्रमुख कच्ची सामग्री की जानकारी साझा करने में विफल रहे हैं।

iii. अन्य हितबद्ध पक्षकार प्रस्तुत की गई जानकारी का अगोपनीय सारांश प्रदान करने में विफल रहे हैं।

iv. वित्तीय और संविदात्मक संबंधों, संयुक्त उद्यमों के साथ-साथ कारखानों के विवरण को गोपनीय बताया गया है, जिसके कारण घरेलू उद्योग इस पर उचित टिप्पणी करने में असमर्थ है।

v. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भारत में प्रयोक्ताओं द्वारा प्रस्तुत कुछ अभ्यावेदन प्रस्तुत किए हैं जिन्हें गोपनीय बताया गया है। ऐसी गोपनीयता के कारण, घरेलू उद्योग अपने हितों की रक्षा करने में असमर्थ है।

vi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, समर्थन पत्र में दी गई जानकारी एक व्यक्तिगत उत्पादक से संबंधित है, जिसका प्रकटन प्रतिस्पर्धियों के लिए महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक लाभ वाला होगा और बाज़ार में उत्पादक के हित को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। यहाँ तक कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भी ऐसी जानकारी प्रदान नहीं की है।

vii. निष्पक्ष तुलना के लिए किए गए व्यय और समायोजन हेतु दावा किए गए व्यय का प्रकटन किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसे व्यय प्राधिकारी के निष्कर्षों में दर्ज हैं।

viii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, कुल बिक्री कीमत अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा की गई है। कुल लाभ संबंधी जानकारी संवेदनशील जानकारी है जिसका उपयोग लागत संबंधी जानकारी का पता लगाने के लिए किया जा सकता है, जिसके प्रकटन से भविष्य की बातचीत में प्रयोक्ताओं को महत्वपूर्ण लाभ होगा और घरेलू उत्पादकों के हित प्रभावित होंगे।

घ.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

31. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई जानकारी की गोपनीयता के दावों की पर्याप्तता के संबंध में जाँच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को, जहाँ भी आवश्यक हो, स्वीकार कर लिया है और ऐसी जानकारी को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहाँ तक संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। गोपनीयता के संबंध में पक्षकारों के तर्कों की भी नीचे जाँच की गई है।

32. इस अनुरोध के संबंध में कि समर्थक ने समर्थन पत्र में दी गई किसी भी जानकारी का प्रकटन नहीं किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि समर्थक द्वारा प्रदान की गई जानकारी केवल एक ही उत्पादक की जानकारी है। ऐसी जानकारी के प्रकटन से बाजार में उक्त उत्पादक के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अतः, ऐसे गोपनीयता के दावों को प्राधिकारी द्वारा स्वीकार किए जाने का प्रस्ताव है।

33. इस अनुरोध के संबंध में कि अन्य हितबद्ध पक्षकार अपने उत्तरों में कतिपय जानकारी का प्रकटन करने में विफल रहे हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों ने अपने द्वारा दावा की गई गोपनीयता को उचित ठहराया है। इसके अतिरिक्त, ऐसी जानकारी का प्रकटन न करने से घरेलू उद्योग के हितों को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है।

34. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने लागत और कीमत निर्धारण संबंधी जानकारी के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने 8 अप्रैल 2025 को याचिका का संशोधित अगोपनीय अंश परिचालित किया है और घरेलू बिक्री कीमत तथा निर्यात कीमत के संबंध में जानकारी का प्रकटन किया है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि लाभप्रदता संबंधी जानकारी के प्रकटन से आवेदकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे लागत और लाभप्रदता संबंधी जानकारी का भी प्रकटन होगा। प्राधिकारी इस संबंध में घरेलू उद्योग के गोपनीयता संबंधी दावों को स्वीकार करने का प्रस्ताव करते हैं।

ङ. <u>विविध अनुरोध</u>

ङ.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

35. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं।

i. नियम 4, जो कमतर शुल्क नियम निर्धारित करता है, के अनुसार पाटनरोधी शुल्क उपचारात्मक होना चाहिए, दंडात्मक नहीं। घरेलू उद्योग पहले ही एमआईपी लगाने के लिए आवेदन कर चुका है। चूँकि एमआईपी और पाटनरोधी शुल्क दोनों का उद्देश्य आयात कीमत को क्षति स्तर से ऊपर रखना है, इसलिए न्यूनतम आयात कीमत (एमआईपी) लगाने से घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति निष्प्रभावी हो जाएगी। ऐसे मामले में पाटनरोधी शुल्क लगाना कमतर शुल्क नियम का उल्लंघन होगा। यदि जाँच के दौरान एमआईपी लगाया जाता है, तो वर्तमान जाँच समाप्त कर दी जानी चाहिए।

ii. आईक्यूआर को उचित समय-सीमा के भीतर परिचालित किया गया है। परिचालित करने का अनुरोध करने वाली अधिसूचना में अनुरोध परिचालित करने की कोई समय-सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई थी। चूँकि घरेलू उद्योग के पास आईक्यूआर पर टिप्पणी करने के लिए 2.5 महीने का समय था, इसलिए उसके हितों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है।

ङ.2. घरेलू उद्योग के विचार

36. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं।

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों के विपरीत, उद्योग ने वर्तमान मामले में जाँच अवधि के बाद कीमतों में और गिरावट और उस अवधि में इंडोनेशिया से आयात में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण एमआईपी लगाने के लिए आवेदन किया है। इंडोनेशिया वर्तमान जाँच में संबद्ध देश नहीं है।

ii. जिन प्रतिक्रियाओं को समय पर परिचालित नहीं किया गया, उन्हें प्राधिकारी द्वारा अनदेखा किया जाना चाहिए और स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

ङ.3. प्राधिकारी द्वारा जाँच

37. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने भी एमआईपी के लिए आवेदन किया है, वर्तमान जाँच को समाप्त कर दिया जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच का उद्देश्य यह जाँच करना है कि क्या संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं का भारत में पाटन किया जा रहा है, क्या इस पाटन से घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हो रही है और घरेलू उद्योग को पाटन और क्षति से निपटने के लिए पाटनरोधी शुल्क की कितनी राशि पर्याप्त होगी। एमआईपी का उद्देश्य पाटन के रूप में अनुचित व्यापार व्यवहार की जाँच करना नहीं है। इसके अतिरिक्त, जबकि वर्तमान जाँच केवल दो देशों के विरुद्ध है, एमआईपी भारत में कुल आयातों पर लगाया जाता है। एमआईपी लगाना एक कार्यकारी निर्णय है, जबकि पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश एक अर्ध-न्यायिक कार्रवाई है। इस प्रकार, एमआईपी और पाटनरोधी शुल्क के लिए निर्णयों का उद्देश्य और प्रकृति भिन्न है। चूँकि संबद्ध वस्तुओं का भारत में पाटन किया जा रहा है और इस पाटन से घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है, इसलिए वर्तमान जाँच को समाप्त करने का कोई औचित्य नहीं है, चाहे एमआईपी लगाया गया हो या नहीं।

38. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि आयातकों द्वारा प्रस्तुत प्रश्नावली के उत्तरों को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए क्योंकि उन्हें समय पर परिचालित नहीं किया गया था। इस संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्राधिकारी के अनुदेशों के अनुसार उत्तर परिचालित नहीं किए गए थे और उनका अगोपनीय अंश बाद में घरेलू उद्योग को प्रदान किया गया था। तथापि, ऐसे उत्तरों के विलंब से परिचालित होने से घरेलू उद्योग के हितों को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है क्योंकि घरेलू उद्योग के पास उन पर टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय था।

च. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन</u>

च.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

39. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संदर्भ में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

i. निर्यात कीमत के लिए आवेदक का दावा गलत है क्योंकि दावा किए गए समायोजन के लिए कोई आधार नहीं दिया गया है।

ii. एपीपी समूह ने वर्तमान जाँच में पूर्ण सहयोग किया है और मार्जिन का निर्धारण समूह कंपनियों द्वारा प्रस्तुत उत्तर के आधार पर किया जाना चाहिए।

iii. एपीपी समूह ने अपनी सभी संबद्धताएँ सूचित की हैं और इसलिए, एक पूर्ण उत्तर प्रदान किया है।

च.2. घरेलू उद्योग के विचार

40. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संदर्भ में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं।

i. कार्टुलिनास सीएमपीसी एसपीए ने उत्तर का अगोपनीय अंश विलंब से परिचालित किया, जिसके कारण घरेलू उद्योग को सार्थक अनुरोध देने का अवसर नहीं मिल पाया। इस तरह के उत्तर की अनदेखी की जानी चाहिए।

ii. चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क)(i) के अनुसार चीन जन.गण. को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए और सामान्य मूल्य का निर्धारण एडी नियमावली के अनुबंध I, नियम 7 के अनुसार किया जाना चाहिए।

iii. चूँकि चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क)(i) के प्रावधान अभी भी लागू हैं, इसलिए चीन जन.गण. के उत्पादकों को यह दर्शाना आवश्यक है कि बाज़ार अर्थव्यवस्था की स्थितियाँ प्रचलित हैं।

iv. चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में देय कीमत के आधार पर किया गया है। सामान्य मूल्य का निर्धारण आवेदक घरेलू उत्पादकों की उत्पादन लागत के अनुमानों के आधार पर किया गया है, जिसमें विक्रय, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों के साथ-साथ उचित लाभ मार्जिन को भी समायोजित किया गया है।

v. आवेदक के पास चिली में प्रचलित घरेलू बिक्री कीमत के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं थी। चूँकि उत्पाद के लिए कोई समर्पित टैरिफ वर्गीकरण नहीं है, इसलिए संबद्ध देश में आयात या संबद्ध देश से निर्यात की कीमत नहीं ली जा सकी। संबद्ध देश में उत्पादन लागत के संबंध में जानकारी घरेलू उद्योग के लिए उपलब्ध नहीं थी। तदनुसार, उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया गया है।

vi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग द्वारा दावा की गई निर्यात कीमत की सटीकता की जाँच की जा सकती है। चूँकि विदेशी उत्पादकों ने भाग लिया है, इसलिए प्राधिकारी उनके आँकड़ों का सत्यापन कर सकते हैं और जो अधिक सटीक हो उसे अपना सकते हैं।

vii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विरोधाभासी अनुरोध किए हैं क्योंकि उत्पादकों और निर्यातकों ने घरेलू बाज़ार में बिक्री और भारत को निर्यात पर हुए व्यय का प्रकटन नहीं किया है और उचित तुलना के लिए समायोजन हेतु "लागू नहीं" बताया है।

viii. पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक है।

<u>च.3. प्राधिकारी द्वारा जॉच</u>

41. धारा 9(1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) *व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम* (6) *के तहत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा*

(ii) *जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:*

(*क*) *समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा*

(*ख*) *उपधारा* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत:*

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल स्थानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश

में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

42. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं:

i. बोफेंग ग्रुप होल्डिंग्स (हांगकांग) लिमिटेड

ii. गोल्ड ईस्ट ट्रेडिंग (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड

iii. गुआंग्शी जिंगुई पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड

iv. जियांग्सू बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड

v. निंग्बो एशिया पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड

vi. निंग्बो एशिया अनपॉल्यूटेड पेपर प्रोडक्ट्स कंपनी लिमिटेड

vii. शेडोंग बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड

viii. कार्टुलिनास सीएमपीसी एसपीए

<u>च.4. सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण</u>

च.4.1. चीन गणराज्य के लिए सामान्य मूल्य

43. विश्व व्यापार संगठन में चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखित प्रावधान हैं:

"जी ए टी टी 1994 का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद-VI का कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार किसी डब्ल्यू टी ओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों में शामिल कार्यवाही में निम्नलिखित के संगत लागू होगा :

(क) जीएटीटी, 1994 के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी करार के अंतर्गत कीमत तुलनीयता के निर्धारण में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं हैः

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त तुलना पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग के लिए लागू नहीं हैं।

(ख) एससीएम समझौते के भाग II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राज सहायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए ऐसी पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखा जाए कि चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों के उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को समायोजित करना चाहिए।

(ग) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैराग्राफ (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी प्रक्रिया समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के

अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को सब्सिडी तथा प्रतिसंतुलनकारी उपायों संबंधी समिति को अधिसूचित करेगा।

(घ) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के तहत चीन के एक बार बाजार अर्थव्यवस्था सिद्ध हो जाने पर, उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) के प्रावधान समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते कि आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में एक्सेशन की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान एक्सेशन की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त हो जाएंगे । इसके अलावा, आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

44. आवेदक ने चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क)(i) का संदर्भ दिया है और उस पर भरोसा किया है। आवेदक ने दावा किया है कि चीन जनवादी गणराज्य के उत्पादकों से यह प्रदर्शित करने के लिए कहा जाना चाहिए कि विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उनके उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियाँ विद्यमान हैं। आवेदकों द्वारा यह बताया गया है कि यदि प्रतिवादी चीन के उत्पादक यह प्रदर्शित करने में असमर्थ हैं कि उनकी लागत और कीमत सूचना बाजार-संचालित है, तो सामान्य मूल्य की गणना नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 और 8 के प्रावधानों के अनुसार की जानी चाहिए।

45. वर्तमान मामले में किसी भी नमूना उत्पादकों ने बाजार अर्थव्यवस्था के अंतर्गत व्यवहार दावा नहीं किया है। तदनुसार, सामान्य मूल्य नियमावली के अनुबंध-I के पैराग्राफ 7 के अनुसार निर्धारित किया गया है, जिसमें निम्नानुसार वर्णन है।

''गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश की कीमत अथवा संरचित मूल्य, अथवा किसी तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव न हो, अथवा

अन्य किसी समुचित आधार पर किया जाएगा जिसमें भारत में समान वस्तु के लिए वास्वित रूप से संदत्त अथवा भुगतान योग्य कीमत, जिनमें यदि आवश्यक हो तो लाभ की समुचित गुंजाइश भी शामिल की जाएगी निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे समुचित देश का चयन उचित तरीके से किया जाएगा जिसमें संबंधित देश के विकास के स्तर तथा प्रश्नगत उत्पाद का ध्यान रखा जाएगा और चयन के समय उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना का भी ध्यान रखा जाएगा । जहां उचित हो, उचित समय सीमा के भीतर किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में इसी प्रकार के मामले में की गई जांच पर भी ध्यान दिया जाएगा । जांच से संबंधित पक्षों को बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उपर्युक्त प्रकार से चयन के बारे में बिना किसी विलंब के सूचित किया जाएगा और उन्हें अपनी टिप्पणियां देने के लिए उचित अवधि प्रदान की जाएगी । ''

46. आवेदक ने दावा किया है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में देय कीमत के आधार पर किया जाना चाहिए। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने नियमावली के अनुबंध I के पैराग्राफ में सूचीबद्ध आधारों के अलावा कोई अन्य आधार प्रस्तुत नहीं किया है जो सामान्य 7 मूल्य के निर्धारण का आधार बन सके। इसलिए, प्राधिकारी ने आवेदक की उत्पादन लागत के आधार पर, बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्ययों और उचित लाभ के लिए विधिवत रूप से समायोजित, भारत में देय कीमत के अनुसार सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

च.4.2. चीन जन गण के लिए निर्यात कीमत

निंग्बो एशिया पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड ("एनएपीपी"), गुआंग्शी जिंगुई पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड ("जीजेपी"), निंग्बो एशिया अनपॉल्यूटेड पेपर प्रोडक्ट्स कंपनी लिमिटेड ("एनएयूपी"), शांदोंग बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड ("एसडीबीएच") और जियांग्सू बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड ("जेएसबीएच") के लिए निर्यात कीमत

47. एनएपीपी, जीजेपी, एनएयूपी, एसडीबीएच और जेएसबीएच (जिन्हें सामूहिक रूप से "एपीपी समूह" कहा जाता है) ने संबंधित निर्यातकों गोल्ड ईस्ट ट्रेडिंग (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड ("जीईएचके") और बोफेंग ग्रुप होल्डिंग्स (एचके) लिमिटेड ("बीएफएचके") के

माध्यम से जांच अवधि के दौरान भारत को *** मीट्रिक टन वस्तुएँ निर्यात कीं। एपीपी समूह के कुल निर्यात में से, एनएपीपी ने जीईएचके के माध्यम से भारत को *** मीट्रिक टन वस्तुएँ निर्यात कीं गईं; जीजेपी ने जीईएचके के माध्यम से भारत को *** मीट्रिक टन वस्तुएँ निर्यात कीं; एनएयूपी ने जीईएचके के माध्यम से भारत को *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है; एसडीबीएच ने बीएफएचके के माध्यम से भारत को *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है और जेएसबीएच ने बीएफएचके के माध्यम से भारत को *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है।

एनएपीपी → जीईएचके → भारत में असंबंधित ग्राहक

जीजेपी → जीईएचके → भारत में असंबंधित ग्राहक

एनएयूपी → जीईएचके → भारत में असंबंधित ग्राहक

एसडीबीएच →बीएफएचके → भारत में असंबंधित ग्राहक

जेएसबीएच → बीएफएचके → भारत में असंबंधित ग्राहक

48. उपर्युक्त सभी निर्यातकों और व्यापारियों ने प्राधिकारी के समक्ष सहयोग किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जीईएचके और बीएफएचके ने एपीपी समूह के संबंधित उत्पादकों के साथ करार किए हैं, जिसमें [***]। तदनुसार, प्राधिकारी ने पहले असंबंधित ग्राहक से ली गई कीमत के आधार पर निवल निर्यात कीमत निर्धारित की है। उत्पादक और निर्यातकों ने समुद्री भाड़ा, बीमा, छूट, अंतर्देशीय भाड़ा, कमीशन, बैंक शुल्क और ऋण लागत के लिए समायोजन का दावा किया था। डेस्क सत्यापन के बाद इन्हें अनुमति दे दी गई है। भारत में असंबंधित ग्राहक से ली गई कीमत के आधार पर पहुँच कीमत निर्धारित की गई है। इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

चीन जनवादी गणराज्य में अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

49. चीन जनवादी गणराज्य के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

च.4.3. चिली के लिए सामान्य मूल्य

50. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्टुलिनास सीएमपीसी एसपीए, जो चिली में संबद्ध वस्तुओं का उत्पादक है, द्वारा एक उत्तर प्रस्तुत किया गया है। तथापि, कार्टुलिनास सीएमपीसी एसपीए द्वारा प्रस्तुत उत्तर अपूर्ण है और उक्त उत्पादक कई परिशिष्ट प्रस्तुत करने में विफल रहा है। इसके अलावा, उत्पादक द्वारा प्रस्तुत परिशिष्ट अपूर्ण हैं। प्राधिकारी ने उक्त उत्पादक को 28 अगस्त 2025 को कमियाँ जारी कीं। तथापि, निर्धारित अवधि के भीतर उक्त उत्पादक से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। तदनुसार, प्राधिकारी प्रस्तुत उत्तर को अस्वीकार करने और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत निर्धारित करने का प्रस्ताव करते हैं।

चिली में अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

51. चिली के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

च.4.4. चिली के लिए निर्यात कीमत

52. चिली के सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

च.5. पाटन मार्जिन

53. ऊपर यथा प्रदत्त परिकलित सामान्य मूल्य और यथा निर्धारित निर्यात कीमत को ध्यान में रखते हुए, संबद्ध देश के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन इस प्रकार है:

पाटन मार्जिन तालिका

क्र सं.	निर्माता का नाम	सामान्य मूल्य (अम डा/एमटी)	निर्यात कीमत (अम डा/एमटी)	पाटन मार्जिन (अम डा/एमटी)	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन (रेंज)
क	चीन जन गण					
1	निंगबो एशिया पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड ("एनएपीपी")	***	***	***	***	25-35%
	गुआंग्शी जिंगुई पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड ("जीजेपी"),					
	निंगबो एशिया अनपॉल्यूटेड पेपर प्रोडक्ट्स कंपनी लिमिटेड ("एनएयूपी"),					
	शांडोंग बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड ("एसडीबीएच")					
	जियांग्सू बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड ("जेएसबीएच")					
2	अन्य उत्पादक	***	***	***	***	65-75%
ख	चिली					
3	सभी उत्पादक	***	***	***	***	15-25%

छ. <u>क्षति और कारणात्मक संबंध का आकलन</u>

छ.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

54. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग ने क्षति के खतरे या संभावना का दावा नहीं किया है। वर्तमान जाँच केवल वास्तविक क्षति तक ही सीमित होनी चाहिए।

ii. घरेलू उद्योग दो प्रकार के एफबीबी का उत्पादन करता है, अर्थात् प्राकृतिक सफेद फोल्डिंग बॉक्स बोर्ड और नीले सफेद फोल्डिंग बॉक्स बोर्ड। एपीपी समूह नीले सफेद एफबीबी की आपूर्ति नहीं करता है और इसलिए, दावा की गई किसी भी क्षति को संबंधित आयात के कारण नहीं माना जाना चाहिए।

iii. आईटीसी द्वारा सेंचुरी पल्प एंड पेपर का अधिग्रहण उद्योग की वित्तीय मजबूती को दर्शाता है और वास्तविक क्षति के दावों के साथ असंगत है।

iv. 2020-21 और 2021-22 में आयात की मात्रा कोविड-19 और उसके परिणामस्वरूप आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों से प्रभावित हुई। इस अवधि के दौरान, मात्रा कम थी, और तुलनात्मक प्रवृत्ति बाद के वर्षों में वृद्धि दर्शाती है। आयातों की 2018-19 की तुलना में जाँच की जानी चाहिए।

v. पहुँच कीमत केवल बिक्री लागत से कम है क्योंकि उच्च ब्याज और कीमतह्रास लागत ने घरेलू उद्योग की लागत बढ़ा दी है।

vi. कीमत प्रभाव की पीसीएन आधार पर जाँच की जानी चाहिए।

vii. घरेलू उद्योग की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के अनुरूप रही हैं।

viii. घरेलू उद्योग को कोई मात्रात्मक क्षति नहीं हुई है। घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री में परिवर्तन आया है। यह इष्टतम क्षमता उपयोग पर भी कार्य कर रहा है।

ix. सेंचुरी और आईटीसी ने अन्य सार्वजनिक रिपोर्टों और वार्षिक रिपोर्टों में अलग-अलग क्षमताओं की सूचना दी है। सार्वजनिक रूप से बताई गई क्षमता सूचित क्षमता से मेल नहीं खा रही है।

x. दावा की गई क्षति अतिरंजित है क्योंकि घरेलू उद्योग के लिए सार्वजनिक/निवेशक अनुरोध पेपरबोर्ड खंड में बिक्री और क्षमता उपयोग में वृद्धि दर्शाती हैं।

xi. इसके अलावा, बिक्री में मांग में वृद्धि के अनुरूप वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि आयात मांग में वृद्धि द्वारा खपत कर लिया गया है और इसका घरेलू उद्योग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

xii. यह क्षति निर्यात बिक्री और निजी उपभोग में गिरावट के कारण हुई है, जिसे संबद्ध आयातों के कारण नहीं माना जा सकता। यहाँ तक कि मालसूची में वृद्धि भी निर्यात बिक्री में गिरावट के कारण हुई है।

xiii. मालसूची में वृद्धि घरेलू उद्योग के उत्पादन में वृद्धि के कारण हुई है।

xiv. कर्मचारियों की संख्या, वेतन और उत्पादकता में वृद्धि हुई है। संबद्ध आयातों के अलावा अन्य कारकों के कारण वेतन और मजदूरी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

xv. क्षमता में वृद्धि की तुलना में ब्याज लागत और कीमतह्रास में असामान्य रूप से वृद्धि हुई है।

xvi. सार्वजनिक रिपोर्टों के अनुसार, नियोजित पूंजी पर आय 21.1% है। यह कोविड-पूर्व स्तर से अधिक है।

xvii. आयात के अलावा अन्य कारकों के कारण क्षति हुई है, जैसे मांग में गिरावट, बढ़ी हुई क्षमता के कारण अधिक आपूर्ति और पुनर्नवीनीकृत पेपरबोर्ड के प्रति बढ़ती प्राथमिकता।

xviii. गैर-संबद्ध देशों से आयात कीमत, संबद्ध देशों से आयात कीमतों से कम हैं।

xix. आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और कच्ची सामग्री की लागत में वृद्धि के कारण 2021-22 और 2022-23 में आयात कीमतों में वृद्धि हुई। घरेलू उद्योग को हुई क्षति, मांग में वृद्धि की प्रत्याशा में किए गए क्षमता विस्तार के कारण होने वाली उच्च स्थिर लागतों के कारण हुई है।

xx. जेके पेपर्स द्वारा दावा किया गया है कि लाल सागर संकट के परिणामस्वरूप लुगदी की कीमतों और मालभाड़ा लागत में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योग की लाभप्रदता प्रभावित हुई है। चीन के उत्पादकों को इस तरह के व्यवधान का सामना नहीं करना पड़ा, जो वैश्विक कीमत उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं हुए।

xxi. उच्च कीमतह्रास और ब्याज लागतों के कारण इसकी क्षति-रहित कीमत प्रभावित हुई है। इसे समायोजित किया जाना चाहिए।

xxii. नियोजित पूंजी और निवल अचल संपत्तियों में परिवर्तन स्थापित क्षमता के अनुपात में नहीं है। प्राधिकारी को क्षति-रहित कीमत के निर्धारण के उद्देश्य से इसका सत्यापन करना चाहिए।

छ.2. <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

55. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, जबकि पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन निर्धारण पीसीएन के आधार पर किया जा सकता है, सभी पीसीएन के लिए अलग-अलग क्षति जॉच नहीं की जा सकती है। समान वस्तु के लिए समग्र रूप से क्षति का निर्धारण किया जाना आवश्यक है।

ii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, विभिन्न उत्पाद प्रकारों के लिए अलग-अलग क्षति जॉच नहीं की जा सकती है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने प्राकृतिक सफेद फोल्डिंग बॉक्स बोर्ड और नीले-सफेद फोल्डिंग बॉक्स बोर्ड की लागत और कीमत में कोई अंतर नहीं बताया है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित एफबीबी, संबद्ध देशों से आयातित एफबीबी से तुलनीय है।

iii. एक ही मशीन और उपकरण पर विभिन्न रंगों के एफबीबी का उत्पादन किया जा सकता है। निर्यातकों के दावे के विपरीत, ब्लश व्हाइट एफबीबी का आयात चीन से किया गया है।

iv. क्षति अवधि में संबद्ध आयातों की मात्रा समग्र और सापेक्ष रूप से बढ़ी है। उत्पादन और खपत की तुलना में संबद्ध आयात दोगुना हो गया है।

v. आयात की मात्रा में वृद्धि की दर मांग की दर में वृद्धि से अधिक है।

vi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, संबद्ध आयातों में 2018-19 की तुलना में वृद्धि हुई है।

vii. आयात की मात्रा में मांग में वृद्धि से अधिक वृद्धि हुई है। आयात की मात्रा 2022-23 से भी बढ़ी है, जिस पर किसी भी कोविड संबंधी व्यवधान का प्रभाव नहीं पड़ा था।

viii. संबद्ध आयातों की पहुँच कीमत में गिरावट आई है। पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम रही है। यह आयातों में वृद्धि के साथ मेल खाता है, जिससे घरेलू उद्योग को अपनी बिक्री कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

ix. संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं, जिसके कारण संबद्ध आयातों का बाजार हिस्सा बढ़ गया है।

x. घरेलू उद्योग लागत में वृद्धि के अनुरूप अपनी बिक्री कीमत नहीं बढ़ा पाया है। बिक्री लागत में 37% की वृद्धि हुई है, जबकि बिक्री कीमत में केवल 19% की वृद्धि हुई है।

xi. घरेलू उद्योग को आयातों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए जाँच अवधि के दौरान अपनी कीमतों को अपनी लागत से कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

xii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, संबद्ध आयातों की कीमत गैर-संबद्ध देशों से आयातों की कीमत से कम थी। जबकि अन्य आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से अधिक थीं, संबद्ध आयातों की कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम थी।

xiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग की निर्यात कीमत घरेलू कीमतों से अधिक है। घरेलू उद्योग ने निर्यात बाजार में अधिक लाभ अर्जित किया है।

xiv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, यदि उत्पादन लागत से कीमतह्रास और ब्याज को हटा दिया जाए, तो भी पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की लागत के बराबर है।

xv. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की परिवर्तनीय लागत और पहुँच कीमत के बीच अंतर में कमी आई है।

xvi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने क्षमताओं के संबंध में आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड की पुरानी रिपोर्टों पर भरोसा किया है। प्राधिकारी रिपोर्ट की गई क्षमताओं का सत्यापन कर सकते हैं।

xvii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने आईटीसी लिमिटेड की क्षमताओं पर किए गए अनुरोधों के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है।

xviii. आवेदकों की वार्षिक रिपोर्टों में दिए गए विवरण केवल समान वस्तु से संबंधित नहीं हैं और उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

xix. यद्यपि घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में वृद्धि हुई है, यह आयातों के कारण कीमतों में कमी के कारण है। मात्रा मापदंडों को बनाए रखने के लिए, घरेलू उद्योग ने अपनी लाभप्रदता से समझौता किया है।

xx. घरेलू उद्योग के निर्यात से घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरा करने की उसकी क्षमता बाधित नहीं होगी क्योंकि क्षति अवधि में अपने उच्चतम निर्यात पर भी, घरेलू उद्योग ने निर्यात के लिए अपनी क्षमता का केवल 10% ही उपयोग किया। यदि घरेलू उद्योग का निर्यात दोगुना भी हो जाता है, तो भी घरेलू उद्योग की क्षमता भारत में संपूर्ण घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

xxi. घरेलू उद्योग को स्पष्ट मात्रात्मक क्षति का सामना करना पड़ा है क्योंकि घरेलू उद्योग की मालसूची में वृद्धि हुई है। क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची में 67% की वृद्धि हुई है।

xxii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, निर्यात में गिरावट के कारण मालसूची में वृद्धि नहीं हुई है, क्योंकि मालसूची में वृद्धि घरेलू उद्योग के निर्यात में गिरावट से कहीं अधिक है।

xxiii. क्षमता में वृद्धि के कारण कर्मचारियों, वेतन और मजदूरी में वृद्धि हुई है। यह आवश्यक नहीं है कि सभी मानदंड घरेलू उद्योग को क्षति दर्शाएं।

xxiv. यद्यपि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री और निर्यात बिक्री पर अनुरोध प्रस्तुत किए हैं, घरेलू उद्योग के कीमत मानदंडों में गिरावट क्षति का प्रमाण है।

xxv. क्षति अवधि में घरेलू उद्योग के लाभ में 113% की गिरावट आई है। जाँच अवधि में घरेलू उद्योग को वित्तीय घाटा हुआ है।

xxvi. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के नकद लाभ और निवेश पर आय में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है।

xxvii. घरेलू उद्योग द्वारा पल्प संयंत्रों की स्थापना के कारण स्थिर लागत, ब्याज और कीमतह्रास व्यय में वृद्धि हुई है। चूँकि व्यय आबद्ध इनपुट से संबंधित हैं, इसलिए इसके परिणामस्वरूप उत्पादन क्षमता में वृद्धि नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त, यदि ऐसे बढ़े हुए व्यय को लाभ में समायोजित भी कर दिया जाए, तो भी घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है।

xxviii. आईटीसी द्वारा किए गए क्षमता विस्तार के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग की स्थिर लागत और कीमतह्रास में वृद्धि हुई है। प्राधिकारी द्वारा इसकी पुष्टि की जा सकती है।

xxix. अन्य हितबद्ध पक्षकार क्षति अवधि के दौरान कोविड-19 के प्रभाव और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों का कोई साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं, जिसके लिए 2018-19 से आयात मात्रा की तुलना आवश्यक होगी।

xxx. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, कई आवेदकों के पास लुगदी संयंत्र हैं और वे मालभाड़ा लागत में परिवर्तन से अप्रभावित हैं।

xxxi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग की क्षति-रहित कीमत अनुबंध III के प्रावधानों के अनुसार और जाँच अवधि में घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए।

छ.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

56. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रति-तर्कों की जाँच की है। प्राधिकारी द्वारा नीचे किया गया विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों का समाधान करता है।

57. इस अनुरोध के संबंध में कि चूँकि एपीपी समूह ब्लूइश व्हाइट एफबीबी की आपूर्ति नहीं करता है, जिसकी आपूर्ति घरेलू उद्योग द्वारा की जाती है, इसलिए ऐसे आयातों के कारण कोई क्षति नहीं मानी जानी चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति विश्लेषण समग्र रूप से विचाराधीन उत्पाद के लिए किया जाता है, न कि विचाराधीन उत्पादों के ग्रेड या प्रकार के लिए। इसके अतिरिक्त, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसे उत्पाद के संबंध में या ऐसे उत्पाद के लिए किसी भिन्न पीसीएन पर विचार करने के लिए कोई अनुरोध नहीं किया है। ऐसे उत्पाद की लागत और कीमत निर्यातक द्वारा आपूर्ति किए गए एफबीबी की लागत और कीमत से भिन्न नहीं है। इसके अतिरिक्त, दोनों उत्पाद एक ही लाइन पर निर्मित होते हैं और एफबीबी की श्रेणी में आते हैं। प्राधिकारी ने समग्र रूप से विचाराधीन उत्पाद के लिए क्षति विश्लेषण किया है।

58. इस अनुरोध के संबंध में कि आईटीसी द्वारा सेंचुरी पल्प एंड पेपर का अधिग्रहण उद्योग की वित्तीय मजबूती को दर्शाता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि स्वामित्व में उक्त परिवर्तन जाँच अवधि के बाद का घटनाक्रम है और जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निष्पादन को प्रभावित नहीं करता है। इसके अतिरिक्त, चूँकि संबद्ध वस्तुओं के एक विनिर्माता ने दूसरे विनिर्माता का अधिग्रहण कर लिया है, इसलिए ऐसे सौदे के संबंध में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

<u>छ.3.1. क्षति का संचयी मूल्यांकन</u>

59. विश्व व्यापार संगठन करार के अनुच्छेद 3.3 और नियमावली के अनुबंध II के पैरा (iii) में प्रावधान है कि यदि किसी उत्पाद का एक से अधिक देशों से आयात एक साथ पाटनरोधी जाँच के अधीन है, तो प्राधिकारी ऐसे आयातों के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन करेंगे, यदि उनमें यह निर्धारित होता है कि:

क. प्रत्येक देश से आयात के संबंध में निर्धारित पाटन मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में व्यक्त दो प्रतिशत से अधिक है और प्रत्येक देश से आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात का तीन प्रतिशत (या अधिक) है या जहाँ अलग-अलग देशों का निर्यात तीन प्रतिशत से कम है, वहाँ आयात सामूहिक रूप से समान वस्तु के आयात का सात प्रतिशत से अधिक है, और

ख. आयातित उत्पादों के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों और आयातित उत्पादों और समान घरेलू वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों के आलोक में आयात के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन उपयुक्त है।

60. वर्तमान मामले में, प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा और पाटन मार्जिन न्यूनतम सीमा से अधिक है। इसके अतिरिक्त, संबद्ध देशों से आयात और घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पाद में परस्पर तुलनीय विशेषताएं हैं और इनका उपयोग समान अनुप्रयोगों के लिए और समान ग्राहक वर्ग द्वारा किया जा रहा है। इस प्रकार, संबद्ध आयात भारतीय बाजार में परस्पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और साथ ही घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित संबद्ध वस्तुओं के साथ भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

61. इस प्रकार, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि निम्नलिखित कारणों से जाँच में क्षति का संचयी मूल्यांकन करना उचित होगा।

क. संबद्ध देशों से भारत में संबद्ध वस्तुओं का पाटन किया जा रहा है।

ख. प्रत्येक संबद्ध देश से पाटन मार्जिन नियमावली के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक है।

ग. प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा कुल आयात मात्रा के 3% से अधिक है।

घ. आयात के प्रभावों का संचयी मूल्यांकन उपयुक्त है क्योंकि संबद्ध देशों से आयात न केवल प्रत्येक संबद्ध देश से आयात के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करते हैं, बल्कि भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत समान वस्तुओं के साथ भी प्रतिस्पर्धा करते हैं।

छ.3.2. पाटित आयातों का परिमाण प्रभाव

क) मांग/स्पष्ट खपत का आकलन

62. वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने भारत में उत्पाद की मांग या स्पष्ट खपत को भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में निर्धारित किया है। इस प्रकार आकलित मांग नीचे तालिका में दी गई है।

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
घरेलू उद्योग की बिक्रियॉ	एमटी	709,090	885,818	1,026,508	1,142,659
अन्य उत्पादकों की बिक्रियॉ	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	131	110	89
संबद्ध आयात	एमटी	34,005	17,180	62,945	102,581
चिली	एमटी	13,943	1,279	4,277	13,292
चीन	एमटी	20,062	15,901	58,668	89,289
अन्य आयात	एमटी	38,184	39,998	71,707	52,600
कुल मांग	एमटी	***	***	***	***
कुल मांग	सूचीबद्ध	100	121	147	163

63. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान भारत में संबद्ध वस्तुओं की मांग में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई है।

ख) संबद्ध देशों से आयात की मात्रा

64. आयात की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी के लिए यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या आयात में, समग्र रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के संबंध में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयात की मात्रा निम्नलिखित थी:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संबद्ध आयात	एमटी	34,005	17,180	62,945	102,581
चिली	एमटी	13,943	1,279	4,277	13,292
चीन	एमटी	20,062	15,901	58,668	89,289
अन्य आयात	एमटी	38,184	39,998	71,707	52,600
कुल आयात	एमटी	72,189	57,178	134,652	155,181
निम्न के संबंध में आयात					
घरेलू उत्पादन	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	38	126	199
खपत (आबद्ध को छोड़कर)	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	42	126	186
कुल आयात	%	47%	30%	47%	66%

65. 65. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

i. क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयात की मात्रा में समग्र रूप से वृद्धि हुई है।

ii. उत्पादन और खपत के संबंध में आयात में भी क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

iii. भारत में होने वाले आयातों में अधिकांश हिस्सा संबद्ध देशों से आयात का है।

66. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की मांग में 63% की वृद्धि हुई है, वहीं संबद्ध आयात में क्षति अवधि के दौरान 202% की वृद्धि हुई है। इस प्रकार, संबद्ध आयात में भारत में मांग में वृद्धि की दर से कहीं अधिक दर से वृद्धि हुई है।

67. इस अनुरोध के संबंध में कि आयात में वृद्धि केवल कोविड-19 के कारण आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण हुई है और आयात में वृद्धि 2018-19 से देखी जानी चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने 2018-19 और 2019-20 में आयात के संबंध में कोई जानकारी प्रदान नहीं की है। रिकॉर्ड में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जाँच अवधि में संबद्ध आयातों की मात्रा में 2018-19 और 2019-20 की तुलना में भी वृद्धि हुई है। किसी भी स्थिति में, जाँच अवधि में संबद्ध आयातों की मात्रा में 2022-23 की तुलना में भी वृद्धि हुई है, जिस पर कोविड-19 का कोई प्रभाव नहीं पड़ा था।

<u>छ.3.3. पाटित आयातों का कीमत प्रभाव</u>

68. संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कीमत प्रभाव के संबंध में, यह विश्लेषण किया जाना आवश्यक है कि क्या कथित आयातों के कारण भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में कीमत में उल्लेखनीय कमी आई है, या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों में कटौती करना या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा सामान्य रूप में बढ़ गई होती। संबद्ध देशों से आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभाव की जाँच कीमत कटौती, कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है।

क) कीमत कटौती

69. कीमत कटौती विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध देशों से आयातों के पहुँच कीमत के साथ की गई है। इस संबंध में, व्यापार के समान स्तर पर, सभी छूटों और करों को घटाकर, उत्पाद के पहुँच कीमत और घरेलू उद्योग की औसत बिक्री कीमत के बीच तुलना की गई है।

विवरण	यूनिट	चीन जन गण	चिली	संबद्ध देश
निवल बिक्री प्राप्ति	रु./एमटी	***	***	***
पंहुच कीमत	रु./एमटी	66,989	59,274	65,989

कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***
कीमत कटौती	रेंज	0-10%	10-20%	0-10%

70. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम हैं। सभी संबद्ध देशों से कीमतों में कटौती सकारात्मक और काफी अधिक है।

ख) कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

71. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों में काफी अधिक ह्रास कर रहे हैं या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को महत्वपूर्ण सीमा तक कम करना है या कीमतों में ऐसी वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य रूप से बढ़ गई होती, प्राधिकारी ने क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लागतों और कीमतों में हुए परिवर्तनों की जाँच की है।

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	111	138	134
बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	119	142	119
पंहुच कीमत	₹/एमटी	61,913	80,870	91,631	65,989
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	131	148	107

72. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत में वृद्धि हुई है, बिक्री कीमत में वृद्धि बिक्री लागत में वृद्धि की

तुलना में बहुत कम हुई है। क्षति अवधि के दौरान पहुँच कीमत में भी वृद्धि हुई है, तथापि, पहुँच कीमत में वृद्धि बहुत कम है, जिसके कारण घरेलू उद्योग अपनी बिक्री लागत में वृद्धि के अनुरूप अपनी बिक्री कीमत में वृद्धि नहीं कर पाया है। इसके अतिरिक्त, यद्यपि विगत वर्ष की तुलना में जाँच अवधि में बिक्री लागत और बिक्री कीमत दोनों में गिरावट आई है, बिक्री कीमत में गिरावट बिक्री लागत में गिरावट की तुलना में बहुत अधिक हुई है। पहुँच कीमत में उल्लेखनीय गिरावट आई है और यह गिरावट विगत वर्ष की तुलना में जाँच अवधि में बिक्री लागत में गिरावट की तुलना में अधिक दर से हुई है। इस प्रकार, संबद्ध आयातों की पहुँच कीमत ने घरेलू उद्योग की कीमतों में ह्रास किया है और उन्हें न्यूनीकृत कर दिया है।

<u>छ.3.4. घरेलू उद्योग के आर्थिक मानदंड</u>

73. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II के अनुसार, क्षति के निर्धारण में संबद्ध वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव की वस्तुनिष्ठ जाँच शामिल होगी। संबद्ध वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में, नियमावली में आगे प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जाँच में उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और सूचकांकों का वस्तुनिष्ठ और निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा, जिसमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सेदारी, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, विकास, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव शामिल हैं। तदनुसार, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निष्पादन की जाँच की गई है।

क) उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा

74. क्षति अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नानुसार था:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई

स्थापित क्षमता	एमटी	1,480,000	1,515,863	1,690,000	1,690,000
उत्पादन (पी यू सी + एन पी यू सी)	एमटी	1,255,176	1,522,944	1,591,201	1,668,701
क्षमता उपयोग	%	85%	100%	94%	99%
उत्पादन (पी यू सी)	एमटी	818,894	1,083,054	1,214,499	1,265,886
घरेलू बिक्रियॉ	एमटी	709,090	885,818	1,026,508	1,142,659
निर्यात बिक्रियॉ	एमटी	90,165	148,595	112,604	77,318

75. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

क. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की स्थापित क्षमता में वृद्धि हुई है।

ख. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन के साथ-साथ घरेलू बिक्री में भी वृद्धि हुई है।

ग. जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग इष्टतम क्षमता उपयोग पर कार्य कर रहा है।

76. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि कम कीमत वाले आयातों में वृद्धि के कारण, घरेलू उद्योग को अपने उत्पादन और बिक्री को बनाए रखने के लिए लाभप्रदता को कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

77. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग को क्षति निर्यात बिक्री में गिरावट के कारण हुई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि में घरेलू उद्योग की निर्यात बिक्री कुल उत्पादन का केवल 0-10% है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग का मुख्य ध्यान घरेलू बाजार पर है और निर्यात बिक्री में कोई भी गिरावट घरेलू उद्योग के लिए क्षति का कारण नहीं है।

78. इस अनुरोध के संबंध में कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना में आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड और आईटीसी द्वारा बताई गई क्षमता वर्तमान जाँच में बताई गई क्षमता से भिन्न है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदकों की क्षमताओं का सत्यापन किया जा चुका है और सत्यापित सूचना ऊपर दी गई तालिका में प्रदान की गई है।

ख) बाजार हिस्सा

79. आयात और घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
घरेलू उद्योग	%	87%	89%	85%	86%
अन्य उत्पादक की बिक्री	%	5%	5%	3%	3%
संबद्ध आयात	%	4%	2%	5%	8%
अन्य आयात	%	5%	4%	6%	4%

80. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग और समग्र रूप से भारतीय उद्योग की बाजार हिस्सेदारी 2022-23 और जाँच अवधि में थोड़ी कम हुई है। क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि वह अपनी बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने में सक्षम रहा है क्योंकि उसने अपने उत्पादन और बिक्री को बनाए रखने के लिए लाभप्रदता में कमी की है।

ग) मालसूची

81. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची की स्थिति नीचे तालिका में दी गई है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
आरंभिक मालसूची	एमटी	34,830	27,061	28,186	48,699
अंतिम मालसूची	एमटी	23,831	28,186	48,699	49,318
औसत मालसूची	एमटी	29,330	27,623	38,442	49,009

82. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के मालसूची में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यद्यपि घरेलू उद्योग ने लाभप्रदता से समझौता किया है और संबद्ध वस्तुओं को घाटे पर बेचा है, फिर भी घरेलू उद्योग को मालसूची के संचय के कारण नुकसान हुआ है।

83. इस अनुरोध के संबंध में कि मालसूची में वृद्धि घरेलू उद्योग के निर्यात में गिरावट के कारण हुई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची में 19,678 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है, जबकि निर्यात में केवल 12,847 मीट्रिक टन की गिरावट आई है। इस प्रकार, मालसूची में वृद्धि निर्यात में गिरावट से कहीं अधिक है। इस प्रकार, मालसूची में वृद्धि निर्यात में गिरावट के कारण नहीं है।

घ) लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय

84. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय नीचे तालिका में दिए गए हैं:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	111	138	134
बिक्री कीमत	रु./एमटी	57,480	68,344	81,634	68,532
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	119	142	119
लाभ/(घाटा)	रु./एमटी	***	***	***	(***)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	187	174	-11
लाभ/(घाटा)	लाख रु.	***	***	***	(***)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	233	251	-17
पीबीआईटी	लाख रु.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	203	242	30
नकद लाभ	लाख रु.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	201	236	39

नियोजित पूंजी पर आय	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	150	127	15

85. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

i. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आई है। घरेलू उद्योग लाभ अर्जित कर रहा था, परंतु जांच अवधि के दौरान उसे वित्तीय घाटा हुआ है।

ii. नकद लाभ में भी यही प्रवृत्ति रही है और जांच अवधि के दौरान इसमें भारी गिरावट आई है।

iii. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की नियोजित पूंजी पर आय में भी भारी गिरावट आई है। जांच अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग ने ***% का नगण्य आय अर्जित की है।

86. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के ब्याज कवरेज अनुपात में भारी गिरावट आई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित लाभ, घरेलू उद्योग के ब्याज दायित्व को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त नहीं है।

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
पीबीआईटी	लाख रुपये	***	***	***	***
पीबीआईटी	सूचीबद्ध	100	203	242	30
ब्याज	लाख रुपये	***	***	***	***
ब्याज	सूचीबद्ध	100	84	205	221
ब्याज कवरेज अनुपात	समय	***	***	***	***
ब्याज कवरेज अनुपात	सूचीबद्ध	100	242	118	14

87. इस निवेदन के संबंध में कि घरेलू उद्योग की ब्याज लागत और मूल्यह्रास, क्षमता वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक बढ़ गया है, प्राधिकरण नोट करता है कि ब्याज लागत और

मूल्यह्रास का प्राधिकरण द्वारा सत्यापन किया गया है। ब्याज लागत और मूल्यह्रास में वृद्धि कैप्टिव इनपुट के लिए संयंत्र में निवेश के कारण हुई है। यदि ब्याज लागत और मूल्यह्रास को समायोजित भी कर दिया जाए, तो भी घरेलू उद्योग का ब्याज और मूल्यह्रास पूर्व लाभ काफी कम हो गया है।

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
ब्याज लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
ब्याज लागत	सूचीबद्ध	100	67	142	137
मूल्यह्रास	रु./एमटी	***	***	***	***
मूल्यह्रास	सूचीबद्ध	100	93	134	118
कुल	रु./एमटी	***	***	***	***
कुल	सूचीबद्ध	100	82	137	126
पीबीटी	रु./एमटी	***	***	***	(***)
पीबीटी	सूचीबद्ध	100	187	174	-11
पीबीडीआईटी	रु./एमटी	***	***	***	***
पीबीडीआईटी	सूचीबद्ध	100	147	160	42

ड़) रोज़गार, उत्पादकता और मजदूरी

88. प्राधिकारी ने रोज़गार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित जानकारी की जाँच की है, जो नीचे दी गई है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई

कर्मचारियों की संख्या	संख्या	3,882	3,970	4,147	4,160
प्रतिदिन उत्पादकता	एमटी/दिवस	2,244	2,967	3,327	3,468
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी/सं.	211	273	293	304
मजदूरी	लाख रुपये	16,945	20,940	33,216	36,630

89. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है, साथ ही क्षमता में भी वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग की उत्पादकता के साथ-साथ वेतन और मजदूरी में भी वृद्धि हुई है।

च) वृद्धि

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
स्थापित क्षमता	%	-	2%	11%	-
उत्पादन	%	-	32%	12%	4%
घरेलू बिक्रियॉ	%	-	25%	16%	11%
प्रति यूनिट लाभ/(घाटा)	%	-	87%	-7%	-106%
नकद लाभ	%	-	61%	1%	-85%
नियोजित पूंजी पर आय	%	-	50%	-15%	-88%

90. प्राधिकारी नोट करते हैं:

क. घरेलू उद्योग की क्षमता 2021-22 और 2022-23 में बढ़ी है। जाँच अवधि में घरेलू उद्योग की क्षमता स्थिर रही है।

ख. घरेलू उद्योग के मात्रा मानदंडों ने क्षति अवधि में वर्ष-दर-वर्ष सकारात्मक वृद्धि दर्शाई है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि मात्रा मानदंडों में सुधार हुआ है क्योंकि घरेलू उद्योग ने लाभप्रदता में कमी की है।

ग. जबकि घरेलू उद्योग के वित्तीय लाभ और नकद लाभ में 2021-22 और 2022-23 में वृद्धि हुई, फिर भी जाँच अवधि में इनमें नकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

घ. घरेलू उद्योग की नियोजित पूंजी पर आय में 2022-23 से वर्ष-दर-वर्ष नकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

छ) कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

91. चूँकि संबद्ध आयातों की पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और बिक्री लागत से कम है, इसलिए इसने घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव डाला है। इसके अलावा, आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग की क्षति-रहित कीमतों से कम हैं। इसके कारण, घरेलू उद्योग अपनी बिक्री लागत में परिवर्तन के अनुरूप अपने उत्पाद की कीमत तय नहीं कर पाया है। घरेलू उद्योग को संबद्ध देशों से कम कीमत वाले आयातों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी लाभप्रदता से समझौता करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसलिए, संबद्ध देशों से आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं।

ज) पाटन की मात्रा

92. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से भारत में संबद्ध वस्तुओं का पाटन किया जा रहा है। पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक है।

झ) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

93. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में भारी गिरावट आई है। जाँच अवधि में घरेलू उद्योग को वित्तीय घाटा हुआ है और घरेलू उद्योग का ब्याज कवरेज अनुपात 1 से कम है। ऐसे में, घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

ञ) क्षति मार्जिन

94. प्राधिकारी ने संशोधित अनुबंध III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षति-रहित कीमत का निर्धारण किया है। संबद्ध वस्तुओं की क्षति-रहित कीमत, जाँच अवधि के लिए उत्पादन लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आँकड़ों को अपनाकर निर्धारित की गई है। क्षति मार्जिन की गणना हेतु संबद्ध देशों से प्राप्त कीमत की तुलना हेतु क्षति-रहित कीमत को ध्यान में रखा गया है। क्षति-रहित कीमत के निर्धारण के लिए, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा कच्ची सामग्री, सुविधाओं और उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि उत्पादन लागत पर कोई असाधारण या अनावर्ती व्यय नहीं लगाया गया हो। विचाराधीन उत्पाद के लिए औसत नियोजित पूँजी (अर्थात, औसत निवल अचल परिसंपत्तियाँ और औसत कार्यशील पूँजी) पर एक उचित आय (कर-पूर्व 22% की दर से) कर-पूर्व लाभ के रूप में अनुमति दी गई थी ताकि नियमावली के अनुबंध III में निर्धारित क्षति-रहित कीमत ज्ञात की जा सके और उसका पालन किया जा रहा है।

95. सहयोगी निर्यातकों के लिए पहुँच कीमत निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर निर्धारित की गई है। संबद्ध देशों के सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पहुँच कीमत निर्धारित की है।

96. उपर्युक्त अनुसार निर्धारित पहुँच कीमत और क्षति-रहित कीमत के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन निर्धारित किया गया है और इसे नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है: -

क्षति मार्जिन तालिका

क्र. सं.	**उत्पादक का नाम**	**एनआईपी**	**पंहुच कीमत**	**क्षति मार्जिन**	**क्षति मार्जिन**	**क्षति मार्जिन**
		अमडा/एमटी	अमडा/एमटी	अमडा/एमटी	%	रेंज (%)
क	चीन पीआर					

1	निंगबो एशिया पल्प पेपर कंपनी लिमिटेड ("एनएपीपी")	***	***	***	***	20-30%
	गुआंग्शी जिंगुई पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड ("जीजेपी"),					
	निंगबो एशिया अनपॉल्यूटेड पेपर प्रोडक्ट्स कंपनी लिमिटेड ("एनएयूपी"),					
	शांडोंग बोहुई पेपर इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड ("एसडीबीएच")					
	जियांग्सू बोहुई पेपर कंपनी लिमिटेड ("जेएसबीएच")					
2	अन्य	***	***	***	***	40-50%
B	चिली					
3	सभी उत्पादक	***	***	***	***	20-30%

